हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 30.9 डिग्री

न्यूनतम 23.9 डिग्री

12 फायरमैन भर्ती में व्यापम ने पूछा- अग्निशमन...



12 जलभराव के लिए 98 क्षेत्र संवेदनशील स्थायी...




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


# एक ही दिन होगी पूरक के सभी विषयों की परीक्षा, मुख्य विषय के लिए 3 घंटे, शेष के लिए मिलेंगे 2 घंटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। इस बार सभी विषयों की परीक्षा एक ही दिन यानी 28 जुलाई मंगलवार को आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे शुरू होंगी। हालांकि, सभी विषयों की परीक्षा अवधि एक जैसी नहीं होगी। कुछ विषयों की परीक्षा तीन घंटे की होगी, जबकि कुछ विषयों के लिए दो घंटे का समय निर्धारित किया गया है। तीन घंटे की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगी। इसमें अंग्रेजी, हिंदी, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, बिजनेस स्टडीज, अकाउंटेंसी, कंप्यूटर साइंस, फिजिकल एजूकेशन और साइकोलॉजी जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं। इसके अलावा इंफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेज, एंटरप्रेन्योरशिप, लीगल स्टडीज, होम साइंस, रिटेल, आईटी, वेब एप्लीकेशन, टूरिज्म, बैंकिंग, हेल्थ केयर और अन्य कई स्किल आधारित विषयों की परीक्षा भी इसी अवधि में होगी। कुछ विषयों की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। अर्थात इनके लिए सिर्फ 2 घंटे का ही समय मिलेगा। इनमें हिंदुस्तानी संगीत, पेंटिंग, कमर्शियल आर्ट, योग जैसे विषय शामिल हैं।

## हिंदुस्तानी संगीत, पेंटिंग, कमर्शियल आर्ट, योग जैसे विषयों के लिए दो घंटे ही

### अब तैयार होंगे अंतिम परिणाम

सीबीएसई 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा के नतीजे जारी हो चुके हैं। नए नियम के तहत पहली बोर्ड परीक्षा देना सभी छात्रों के लिए अनिवार्य था। इसके बाद छात्रों को अपने अंक सुधारने का एक अतिरिक्त मौका देने के लिए सेकेंड बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा पूरी तरह वैकल्पिक थी और केवल वही छात्र इसमें शामिल हुए, जो अपने किसी एक या अधिक विषय के अंक बेहतर करना चाहते थे। बोर्ड के नियम के अनुसार, यदि ▶▶| शेष पेज 12 पर



### प्राइवेट छात्रों को पंजीकृत पते पर मिलेगी अंकसूची

फाइनल रिजल्ट सिर्फ थ्योरी के नंबरों पर नहीं बनता। इसमें स्कूल द्वारा दिए गए इंटरनल असेसमेंट और प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक भी जोड़े जाएंगे। यह नंबर स्कूल की तरफ से पहले ही बोर्ड को भेजे जा चुके होते हैं, जो दोनों परीक्षाओं के बाद भी नहीं बदलते। थ्योरी के बेस्ट स्कोर और इंटरनल असेसमेंट को मिलाकर ही छात्र का फाइनल 100 नंबर का रिजल्ट तैयार होगा। छात्र अपनी डिजिटल मार्कशीट डिजिलॉकर के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। नियमित विद्यार्थियों को प्रिंटेड मार्कशीट ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### ग्राहकों के पैसे लेकर रफूचक्कर हुआ टीम लीडर

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के लभांडी स्थित शिवनाथ मोटर्स (महिंद्रा शोरूम) में गाड़ियों की बिक्री के बीच धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शोरूम में टीम लीडर के पद पर कार्यरत सूरज ढलाई ने ग्राहकों का भरोसा जीतकर वाहन बुकिंग और डाउन पेमेंट के नाम पर 10 लाख 24 हजार 853 रुपए अपने निजी खाते में जमा कराकर अमानत में खयानत की है। उसने रकम लेने के बाद न तो ग्राहकों को वाहन की प्रक्रिया पूरी कराई और न ही पैसे कंपनी के खाते में जमा कराए। मामला सामने आने पर आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया है। आरोपी ने 11 ग्राहकों की रकम गबन कर अमानत में खयानत की है।

### ट्रक की चपेट में आकर फैक्ट्री कर्मी की मौत

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में एक ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक मोड़ते हुए एक बाइक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रोड एक्सीडेंट में श्रीराम शर्मा की मौत हुई है। वह सिलतरा की एक फैक्ट्री में काम करता था। बाइक चालक रायपुर बिलासपुर हाईवे पर मां कुदरगढ़ी के पास पहुंचा था। इस दौरान ट्रक सीजी-17 केवी-5694 के चालक ने बगैर इंडिकेटर जलाए ट्रक को दाईं दिशा में मोड़ दिया। इंडिकेटर नहीं देने की वजह से श्रीराम बाइक को रोक नहीं पाया और ट्रक के चपेट में आ गया।

### बीड़ी पीने से मना किया तो पोते ने दादा को पीटा

**रायपुर।** बीड़ी पीने से मना करने पर पोते ने अपने दादा की पिटाई कर दी। दादा की शिकायत पर पुलिस ने पोते के खिलाफ मारपीट का अपराध दर्ज की है। गुढ़ियारी, गोगांव निवासी सुखित धीवर ने अपने पोते नवीन धीवर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि उसका पोता उसके सामने बीड़ी पी रहा था। मना करने पर गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट की।

### हिस्ट्रीशीटर को तड़ीपार करने का दिया आदेश

**रायपुर।** डेढ़ दर्जन अपराधों में शामिल टिकरापारा, संतोषी नगर के हिस्ट्रीशीटर को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। पुलिस कमिश्नर ने मोहम्मद गनी को जिलाबदर करने आदेश जारी किया है। तीन महीने के लिए राजधानी से सटे छह जिलों में उसके रहने पर पाबंदी लगाई गई है। उसके खिलाफ वर्ष 2016 से लगातार आपराधिक मामले दर्ज होते रहे हैं। आरोपी के खिलाफ टिकरापारा थाना में मारपीट, जान से मारने की धमकी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट और जुआ एक्ट के अपराध दर्ज हैं।

## घटना के एक दिन पूर्व साजिद के दोस्त की हुई थी मौत

# पांच मौतों की गुत्थी सटोरिये और सूदखोरों में उलझी, दो से हिरासत में हो रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सैयद साजिद उर्फ सज्जू के परिवार सहित खुदकुशी प्रकरण में पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है। फूटेज के आधार पर पुलिस टिकरापारा तथा गोलबाजार थाना क्षेत्र के दो सूदखोरों को हिरासत में लिया गया है। मृतक ने जिन लोगों से रकम उधार ली थी, उनमें सटोरियों के भी नाम सामने आ रहे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस खुदकुशी प्रकरण में सटोरियों के लिंक तलाश कर जांच कर रही है। मृतक से जुड़े एक करीबी ने बताया कि साजिद के अपने भाइयों से अलग होने के बाद उनकी मां ने अपने बेटे को हिस्सा देने कुकरीपारा स्थित पुश्तैनी ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ घटना वाले दिन कई लोगों से की थी मुलाकात


पांच लोगों की सामूहिक खुदकुशी मामले की जांच के लिए एसआईटी

एक माह का राशन जमा किया था

रसगुल्ला में जहर ...?

### कई पहलुओं पर कर रहे पड़ताल

घटना की सभी बिंदुओं से जांच की जा रही है। लेन-देन विवाद समेत सभी पहलुओं की पड़ताल कर रहे हैं। शाहिद का जिन-जिन लोगों के साथ लिंक था, उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

- **राहुल देव शर्मा**, एडीसीपी वेस्ट

### बेटे के पैसे से चल रहा था घर का खर्चा

साजिद कुछ माह से खाली बैठा था। मौदहापारा स्थित एक बैट्री वर्कशॉप में काम करने जाता जरूर था, लेकिन उनको वहां से जितनी रकम मिलनी चाहिए, वह नहीं मिलती थी। उसका बेटा प्राइवेट जॉब करता था। पिछले कुछ महीनों से बेटा ही घर का खर्च चला रहा था। उनके परिचितों के अनुसार, साजिद स्वाभिमानी था। इस वजह से घर से अलग होने के बाद उसने पैतृक संपत्ति का मोह पूरी तरह से छोड़ दिया था। सात साल पूर्व साजिद अपोलो बैट्री में मैनेजर के पद पर कार्यरत था।

### घटना दिवस को दोस्त के अंतिम संस्कार में शामिल होने गया...

गोलबाजार में आजाद सेलून है। सेलून का मालिक कल्लू मंगलवार को घर में फिसलकर गिर गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। उसे उपचार कराने अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसकी बुधवार को मौत हो गई। गुरुवार को साजिद अपने दोस्त कल्लू के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गया था, लेकिन आधे रास्ते से उसे लौटना पड़ा। उनके पहुंचने से पहले मृतक का अंतिम संस्कार हो चुका था। मिलने वाले लोगों के अनुसार, उस दिन साजिद काफी निराश दिख रहा था, लोगों को केवल हां या ना में जवाब दे रहा था।

### परिवार को अंधेरे में रखकर रसगुल्ले में मिलाया जहर

पुलिस की थ्योरी के अनुसार, साजिद ने अपने परिवार को अंधेरे में रखकर खाद्य पदार्थ में जहर मिलाकर उनकी हत्या की। इसके बाद खुद फांसी लगाकर खुदकुशी की। साजिद अपने बेटे के घर आने का इंतजार कर रहा था। वह जैसे ही घर पहुंचा, उसे भी जहर मिश्रित रसगुल्ला खिलाकर मौत के घाट उतार दिया। सभी लोगों की मौत होने की तसल्ली के बाद साजिद ने फांसी लगाकर खुदकुशी की।

### सीसीटीवी के आधार पर हिरासत में लिया

जिन दो सूदखोरों को हिरासत में लिए जाने की बात सामने आई है। उनमें एक टिकरापारा थाना क्षेत्र का तथा दूसरा गोलबाजार थाना क्षेत्र के सूदखोर हैं। उन दोनों को कई लोगों ने साजिद के घर आते-जाते देखा है। इसके अलावा पुलिस को घटनास्थल के आसपास उन दोनों का सीसीटीवी फूटेज मिला है। बताया जा रहा है, घटना के एक दिन पूर्व भी गोलबाजार के सूदखोर का पुलिस को साजिद के घर के पास का सीसीटीवी फूटेज मिला है।

## बच्चों की सुरक्षा का ध्यान

# 360 स्कूल बसों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूली बसों की रविवार को सुरक्षा जांच की गई। साथ ही बस चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। 38 स्कूलों की 360 बसों की रविवार को सुरक्षा जांची गई। स्कूल बसों की तकनीकी तथा सुरक्षा जांच करने ट्रैफिक पुलिस के अलावा परिवहन विभाग, पुलिस एमटी वर्कशॉप अम्लेश्वर, राडा के विशेषज्ञ इंजीनियर एवं मैकेनिकों ने बसों का ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ 22 बसों के दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर कार्रवाई

### आग लगने पर बुझाने का प्रशिक्षण

*पूर्व में स्कूल बसों की जांच करने के दौरान ट्रैफिक पुलिस तथा परिवहन विभाग की टीम बसों में लगे फायर एक्सटिंग्विशर की जांच करती थी। उसमें फायर एक्सटिंग्विशर की एक्सपायरी डेट ही देखी जाती थी। इस बार स्कूल बसों की जांच के दौरान बस चालक तथा परिचालक को बस में आग लगने की स्थिति में आग पर कैसे काबू पाना है, इसके लिए उन्हें फायर एक्सटिंग्विशर का प्रैक्टिकल करके दिखाया गया और ड्राइवरों को फायर एक्सटिंग्विशर कैसे ऑपरेट करना है, इसका लाइव डेमो दिखाया गया।*

### 60 चालक नेत्ररोग व शुगर से पीड़ित

बस चालकों की स्वास्थ्य जांच के दौरान 48 बस चालक शुगर तथा 22 चालक दूरदृष्टि दोष को मरीज निकले। मौके पर स्वास्थ्य जांच करने वाले चिकित्सकों की टीम ने उन बस चालकों को नियमित दवा लेने के साथ चश्मा पहनने की सलाह दी। ट्रैफिक अफसरों ने शुगर तथा दूरदृष्टि दोष से पीड़ित बस चालकों की जानकारी उनके स्कूल प्रबंधन को देने की बात कही। जो बस चालक शुगर पीड़ित हैं, उनकी उम्र 50 वर्ष या उससे ज्यादा है।

## बिजली के मीटर की जांच कराने पर लगेगा 500 और 1000 रुपए का करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर नए स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। इन मीटरों को लेकर लगातार सोशल मीडिया पर उपभोक्ताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। ये मीटर पुराने मीटरों से ज्यादा तेज चल रहे हैं। कांग्रेस ने इसको लेकर अभियान भी चला रखा है। बहुत से उपभोक्ता चाहते हैं कि वे अपने मीटरों की जांच कराएं, लेकिन यह जांच आसान नहीं है, क्योंकि कोई भी उपभोक्ता अगर अपने मीटर की जांच कराना चाहता है तो उसे सिंगल फेज मीटर के लिए पांच सौ रुपए और थ्री फेज मीटर की जांच के लिए हजार रुपए के शुल्क का करंट लगेगा। प्रदेश के 60 लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलने का काम चल रहा है। अब सभी उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट हो जाएंगे। अब तक प्रदेश में करीब 40 लाख उपभोक्ताओं के मीटरों को बदल भी दिया गया है। प्रदेश में स्मार्ट मीटर ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ प्रदेशभर में लग रहे हैं स्मार्ट मीटर, उपभोक्ताओं को मीटर सही न होने की आशंका



### मुफ्त में नहीं होती जांच

प्रदेश में जब से स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हुआ है, तभी से लगातार इनको लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं कि ये मीटर ज्यादा तेज चलते हैं। एक तरफ जहां उपभोक्ता स्मार्ट मीटरों को लेकर सोशल मीडिया पर शिकायत कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस के नेता लगातार आरोप लगा रहे हैं कि ऐसे स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं का बिल ज्यादा आ रहा है। कई उपभोक्ता जिनको लग रहा है कि उनका बिल पहले से ज्यादा आ रहा है, वे अपने मीटरों की जांच भी कराना चाहते हैं, लेकिन यह जांच मुफ्त न होने के कारण काफी कम संख्या में उपभोक्ता अपने मीटरों की जांच कराने की पहल कर रहे हैं। गिनती के ही उपभोक्ताओं ने अपने मीटरों की जांच के लिए आवेदन किए हैं। जांच के आवेदन के साथ ही सिंगल फेज मीटर के लिए पांच सौ रुपए और थ्री पेज मीटरों के लिए हजार रुपए का शुल्क देना पड़ता है। मीटर में खराबी निकलने पर जितने समय से मीटर लगा है, उसको देखते हुए उतने माह के बिल में ज्यादा खपत का संशोधन करने का प्रावधान है। ऐसे में बिजली बिल में संशोधन किया जाता है।

## बीएसयूपी कॉलोनी में पुलिस की दबिश, संदिग्धों की जांच

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष चेकिंग एवं सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नरेट रायपुर के मध्य जोन अंतर्गत थाना तेलीबांधा क्षेत्र के बीएसयूपी कॉलोनी लभांडी और सूरज नगर क्षेत्र में पुलिस की टीमों ने व्यापक जांच अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवानों ने क्षेत्र में पहुंचकर मकानों, किरायेदारों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। यह अभियान पुलिस उपायुक्त मध्य तारकेश्वर पटेल के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइंस रमाकांत साहू के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में रहने वाले बाहरी व्यक्तियों की पहचान करना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और अपराधों की रोकथाम करना है। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई में थाना तेलीबांधा और पुलिस लाइन से करीब 100 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल किए गए हैं।

*परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया*

## युवक पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के सुयश अस्पताल के पीछे हाउसिंग बोर्ड के खाली मैदान में आपसी विवाद के दौरान दोस्तों ने अपने ही साथी पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जला दिया। घटना एक सप्ताह पूर्व 12 जुलाई की है। युवक की डीकेएस अस्पताल में शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर परिजन थाना पहुंचे और प्रदर्शन किया। इसके ▶▶| शेष पेज 12 पर



### शराब पीने के बाद हुआ विवाद!

पुलिस के अनुसार, घटना दिनांक को मृतक अपने अन्य दोस्तों के साथ बैठकर शराब पार्टी कर रहा था। इस दौरान आपस में एक-दूसरे के साथ विवाद करने लगे और एक दूसरे पर पेट्रोल फेंकने लगे। इस दौरान किसी ने माचिस जलाकर जलती तीली फेंक दी। आग की चपेट में आने से ई-रिक्शा कबाड़ में तब्दील हो गया और शाकिर बुरी तरह से झुलस गया।

### पोस्टमार्टम से लेकर अंतिम संस्कार तक साथ रहे दोस्त

मौत की सूचना मिलने के बाद रजा के साथी पोस्टमार्टम कराने से लेकर अंतिम संस्कार कराने तक साथ रहे। पुलिस ने इन साथियों का बयान दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि सभी के बयान विरोधाभासी हैं। एक दोस्त ने रजा की मां को कॉल कर उसके ऊपर किसी के द्वारा सिरगेट फेंकने से जलने की जानकारी दी। एक दोस्त ने पुलिस को बताया कि मुकेश के ई-रिक्शा को जलने से बचाने के दौरान शाकिर आग की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया।

## रोज होता है 12 करोड़ का कारोबार, अब पांच करोड़ का धंधा हो गया कम

# डूमरतराई बाजार के 40 फीसदी कारोबार पर मानसून ने फेरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

देश के साथ प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के बाद लगातार हो रही झमाझम बारिश के कारण राजधानी के सबसे बड़े डूमरतराई बाजार में 40 फीसदी कारोबार कम हो गया है। यहां पर रोज का करीब 12 करोड़ का कारोबार होता है। अब रोज का करीब पांच करोड़ का कारोबार कम हो गया है। प्रदेश के शहरों के साथ ही दूसरे राज्यों के कारोबारी भी कम ही खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने के बाद भी मंदी के कारण मालभाड़ा नही बढ़ रहा है, क्योंकि बाहर के राज्यों से आने वाला माल कम आ रहा है। राजधानी रायपुर का डूमरतराई बाजार प्रदेश का सबसे बड़ा बाजार है। यहां पर जहां प्रदेश के ज्यादातर शहरों के थोक और चिल्हर कारोबारी खरीदारी करने आते हैं, वहीं पड़ोसी राज्यों में ओडिशा, झारखंड और आंध्र प्रदेश के भी कारोबार खरीदारी करते हैं। यहां पर रोज करीब 12 करोड़ का कारोबार होता है। यहां पर रोज बाहर के राज्यों से जहां करीब 50 बड़े ट्रकों में माल आता है, वहीं 30 मेटाडोर में भी अपने राज्य के अलग-अलग शहरों से अनाज सहित अन्य माल ▶▶| शेष पेज 12 पर




### कारोबार पर दोहरी मार

कारोबार पहले से ही मंदा चल रहा था, अब मानसून के कारण और कारोबार प्रभावित हो गया है तो ऐसे में कारोबार पर 40 फीसदी तक प्रभाव पड़ा है। त्योहारी सीजन में कारोबार वापस पटरी पर लौटेगा।

- **प्रेम पाहूजा**, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

### डिमांड के हिसाब से खरीदारी

*कारोबारियों के मुताबिक राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के छोटे कारोबारी भी अब पहले की तरह ज्यादा माल नहीं ले रहे हैं। कारोबारी अपनी डिमांड के मुताबिक कम माल उठा रहे हैं। पहले छोटे कारोबारी एक सप्ताह से 15 दिनों का स्टॉक रख लेते थे, लेकिन अब डिमांड कम होने के कारण ज्यादातर कारोबारी तीन दिनों से लेकर एक सप्ताह का ही स्टॉक ले रहे हैं। बाहर के कारोबारी भी कम ही स्टॉक मंगा रहे हैं। बाहर के कारोबारी का आना भी कम हो गया है।*

# आज से प्रारंभ

SAVE
UN-LIMITED

UP TO 50 % LESS

प्रदेश का सर्वाधिक विश्वसनीय सेल जहाँ पर आप सुप्रसिद्ध मिलों की सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन आदि पर 50% तक छूट प्राप्त कर सकते हैं।

# महेन्द्र कम्पनी मोदी सन्स

मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 4049406/7/8

Design by DAD 4099504

# बिलासपुर-रायपुर समेत 7 जिलों में जुलाई का कोटा पूरा, 27 जिलों में अभी भी माइनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो दौर में हुई जोरदार बारिश ने रायपुर-बिलासपुर समेत सात जिलों में जुलाई का कोटा पूरा कर दिया है, मगर 27 जिले अभी भी माइनस की स्थिति में हैं, जिसमें बस्तर के सभी जिले शामिल हैं। अभी सक्रिय हुए सिस्टम का ज्यादा असर मध्य और उत्तरी इलाके में हुआ है। जुलाई का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने के बाद भी बस्तर के सभी जिलों में औसत से काफी वर्षा हुई है। राज्य में अब तक 317.8 मिमी. पानी बरसा है, जो सामान्य से 24 फीसदी कम है। विभिन्न तरह की मौसम तंत्रिकाओं के सक्रिय होने के साथ ही अभी दक्षिण ओडिशा के ऊपर चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है, जो प्रदेश के मध्य और उत्तरी हिस्से के जिलों को सराबोर कर रहा है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण ओडिशा और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसका प्रभाव अगले तीन दिनों तक और रहने की संभावना बनी हुई है। गुरुवार से शुरू हुई वर्षा का दौर रविवार को भी अलग-अलग हिस्सों में अपना असर दिखाता रहा। 66 फीसदी संकट देकर विदा हुए जून के बाद जुलाई के महीने में पखवाड़ेभर में दो ताकतवर सिस्टम तैयार हुए हैं, जिन्होंने राज्य के बड़े हिस्से यानी उत्तरी और मध्य इलाके में अच्छी बारिश कराई है। आंकड़ों की मानें तो जुलाई के 19 दिन बीतने के बाद सबसे ज्यादा यानी सामान्य से 55 फीसदी अधिक वर्षा सारंगढ़-बिलाईगढ़ में हो चुकी है। इसके बाद क्रमशः मुंगेली में 27, जांजगीर में 25, बिलासपुर में 16, बलरामपुर में 11, महासमुंद में 10 और रायपुर में 4 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। इस बार मानसून के जोरदार असर से बस्तर संभाग के सभी जिले प्रभावित नजर आ रहे है।

हरिभूमि खास

## राज्य में 317.8 मिमी. बारिश, यह सामान्य से 24 फीसदी कम

### रायपुर के कई हिस्सों में जमकर बरसे बादल

रविवार को दोपहर राजधानी रायपुर में खंड वर्षा जैसी स्थिति रही। इसका प्रभाव कई इलाकों में काफी ज्यादा रहा तो कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी जैसी स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, लालपुर इलाके में सुबह 8.30 से शाम 5.30 बजे तक 20.6 मिमी. बारिश हुई। वहीं माना में यह आंकड़ा 39 मिमी. तक पहुंचा। विशेषज्ञों का कहना है कि सिस्टम के सक्रिय रहने तक राजधानी में भी हल्की से मध्यम बारिश का दौर बना हुआ है।



### ज्यादा वर्षा वाले पांच जिले

| | |
|---|---|
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 523.3 मिमी. |
| मुंगेली | 463.5 मिमी. |
| जांजगीर | 461.9 मिमी. |
| बिलासपुर | 426 मिमी |
| बलरामपुर | 349.1 |

### कम वर्षा वाले 5 जिले

| | |
|---|---|
| सरगुजा | 190.7 मिमी. |
| कांकेर | 216.9 मिमी. |
| जशपुर | 267 मिमी. |
| मोहला-मानपुर | 197.2 |
| बेमेतरा, सुकमा | 229.1, 262.2 मिमी. |

### मौसम में बढ़ी ठंडक

लगातार तीन से चार-दिन तक बारिश होने के वजह से अब मौसम में ठंडक बढ़ गई है। राज्य का अधिकतम तापमान अपनी सामान्य स्थिति में पहुंच चुका है। रविवार को बिलासपुर का सर्वाधिक पारा 31 डिग्री रिकार्ड किया गया और रायपुर 30.9 तक पहुंचा। न्यूनतम तापमान भी सामान्य जैसी स्थिति में है और आने वाले दिनों में भी इसमें बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

## खबर संक्षेप

### दृष्टिबाधित छात्राओं को बांटे यूनिफॉर्म और सामग्री



**रायपुर।** बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) रायपुर की दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर छात्राओं को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की गई तथा उनकी शिक्षा को सुगम बनाने के लिए ब्रेल सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की गई। यूनिफॉर्म वितरण के बाद सीजी बीईए के पदाधिकारियों ने संस्था प्रबंधन से छात्राओं की शैक्षणिक आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस पर सीजी बीईए एवं सहयोगी बैंकों के प्रतिनिधियों ने तत्काल सहयोग का निर्णय लेते हुए ब्रेल पेपर के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। कार्यक्रम में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड रायपुर की ओर से श्री तिवारी एवं वार्डन भगवती उपस्थित रहीं। वहीं छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष ओम वर्मा, चेयरमैन शिरीष नलगुंडवार, उप महासचिव अनुपम एक्का, वरिष्ठ साथी बिष्ट, एसके अग्रवाल, मनमीत एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पिंक ऑटो वाली दीदियों को कपड़े की नई थैलियां बांटीं



**रायपुर।** शुभांगी आप्टे ब्रांड एंबेसडर नो प्लास्टिक कैंपेन मोर रायपुर और स्वच्छता अभियान एंबेसडर नगर निगम रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा नया रायपुर के राखी गांव में पिंक ऑटो वाली दीदियों (महिला ई-रिक्शा चालकों) को पर्यावरण संरक्षण के लिए नई कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सेनेटरी नैपकिन भी दिए। सभी 35 बहनें अपने पिंक ऑटो के साथ उपस्थित रहीं। सबके ऑटो में स्टीकर भी लगाए गए। सभी दीदियां हरी ड्रेस में पिंक ऑटो के साथ पहुंची थीं। राखी गांव से चंद्रिका दीदी और पवन तिवारी और नम्रता घई के सहयोग से कार्यक्रम हुआ। 12 बजे अपनी ड्यूटी से फ्री होकर सभी समय पर उपस्थित हुई। सभी अपने परिवार की जिम्मेदारी पूरी करने के साथ ही परिवार को आर्थिक मदद भी कर रही हैं। उन्हें उनके ऑफिस में लगाने के लिए भारत माता की फोटो भी भेंट दी गई। संजय आप्टे और अर्चना जतकर का पूरा सहयोग रहा।

## पहले माहभर में दस हजार कारें बिकती थीं, अब बमुश्किल दो से तीन हजार बिक रहीं

# टैक्स और ई-20 पेट्रोल की पुरानी कारों पर मार, चौपट हो गया 70 फीसदी कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आम आदमी का सपना भी अपने घर के साथ ही कार का भी होता है। जो मध्यम वर्ग नई कारें नहीं ले पाते, वे पुरानी कारें खरीदकर अपना सपना पूरा करते हैं। ऐसे में प्रदेश में कुछ समय पहले तक पुरानी कारों का बड़ा कारोबार होता था। हर माह नई कारों से डबल करीब दस हजार पुरानी कारें बिकती थीं, लेकिन अब पुरानी कारों का धंधा 70 फीसदी चौपट हो गया है। इसके पीछे का कारण कारोबारी टैक्स और ई-20 पेट्रोल को बताते हैं। इस कारण अब हर माह मुश्किल से दो से तीन हजार कारें ही बिक पा रही हैं। आने वाले समय में इसका कारोबार पूरी तरह से चौपट होने की संभावना है।

अपने प्रदेश में भी पुरानी कारों का बड़ा बाजार है। राजधानी रायपुर के साथ ही दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर और कोरबा सहित कई शहरों में पुरानी कारें बेचने वाले बहुत कारोबारी हैं। सबसे बड़ा कारोबार दुर्ग-भिलाई और रायपुर में होता है। रायपुर में तो मारुति कार बेचने वाली कंपनी का भी पुरानी कारें बेचने का कारोबार है। अन्य शहरों में भी मारुति कार कंपनी के डीलर पुरानी कारें बेचते हैं। कुछ और कंपनियों के डीलर भी पुरानी कारें बेचने का काम करते हैं।



### कम बजट की कारें ही बिक रहीं

कारोबारियों के मुताबिक, अभी जो हर माह दो से तीन हजार कारें बिक रही हैं, वो सब कम बजट वाली कारें हैं। इनकी कीमत एक से तीन लाख है। ज्यादा बजट वाली कारें लेने से लोग बच रहे हैं। पांच से दस लाख बजट वाली कारों का कारोबार लगभग नहीं के बराबर हो गया है। जिनके पास पांच से दस लाख का बजट है, वे इतने बजट वाली नई कारें लेना पसंद कर रहे हैं। कारोबारियों का कहना है, जिन कारोबारियों के यहां हर माह 50 से 100 कारें बिक जाती थीं, अब मुश्किल से 10 से 20 कारें ही बिक रही हैं। कई कारोबारियों का खर्च निकलना भी मुश्किल हो गया है। कारोबारी कहते हैं कि आने वाले समय में कारोबार ही बंद करना पड़ेगा।

### टैक्स के कारण बड़ा झटका

पुरानी कारों का कारोबार करने वालों के मुताबिक, बीते साल सितंबर से पहले तक प्रदेश में पुरानी कारों का काराबोर बहुत ज्यादा होता था। प्रदेश में हर माह नई कारें तो चार से पांच हजार बिकती हैं, लेकिन पुरानी कारें पहले हर माह दस हजार तक बिक जाती थीं, पर सितंबर में जहां नई कारों पर जीएसटी कम कर दिया गया, वहीं पुरानी कारों के बेचने पर भी टैक्स लगा दिया गया। पुरानी कार लेने पर अब कार की शोरूम कीमत पर ही एक प्रतिशत टैक्स देना पड़ता है। अगर कार की कीमत दस लाख है तो भले वह कार दस साल ही पुरानी क्यों न हो और इसके दाम दो लाख हों, लेकिन एक प्रतिशत टैक्स दस लाख पर देना पड़ता है। इस टैक्स के साथ ही नाम परिवर्तन सहित अन्य खर्च मिलाकर 20 से 25 हजार का खर्च हो जाता है। ऐसे में पुरानी कारों का धंधा कम हो गया है। नई कारों पर जीएसटी कम होने के कारण लोग अब कम बजट वाली नई कारें ले रहे हैं।

### ई-20 पेट्रोल का भी असर

कारोबारी कहते हैं कि ई-20 पेट्रोल को लेकर जिस तरह की बातें सामने आ रही हैं, उसके कारण भी अब पुरानी कारें लेने वाले पुरानी कारें लेने से बच रहे हैं। इनको लगता है कि पुरानी कार लेने के बाद एक-दो माह में ही अगर इंजन खराब हो गया तो उसको ठीक कराने में बड़ा खर्च लग सकता है। इसलिए अब लोग पुरानी कारें लेने से कतरा रहे हैं।

## भारत माला मुआवजा घोटाला

# टीमें बनाने के दो माह बाद भी जांच शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर और धमतरी जिले में भारत माला परियोजना में हुए मुआवजा घोटाले के मामले में पूर्व संभाग कमिश्नर द्वारा बनाई गई टीमें अब तक जांच शुरू नहीं कर पाई हैं। इस तरह जांच का आदेश भी कागजों तक सिमटकर रह गया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं तत्कालीन संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने सेवानिवृत्त होने से पहले शासन के निर्देश पर लगभग दो महीने पहले रायपुर और धमतरी जिले में भारत माला मुआवजा घोटाले में किसानों से अधिग्रहित एक-एक खसरा नंबर की जमीन एवं मुआवजा राशि की जांच के लिए दो समितियों का गठन किया था। इससे पहले कि समितियां जांच शुरू करतीं, 30 मई को कमिश्नर सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर श्याम धावड़े नए कमिश्नर नियुक्त हुए हैं, लेकिन उनके आने के बाद से समितियां सिर्फ कागजों पर ही बनी हुई हैं। अब तक दोबारा जांच शुरू नहीं हो पाई है।

### पूर्व में 4 समितियों ने 6 बिंदुओं पर की थी जांच

तत्कालीन संभाग कमिश्नर महादेव कावरे के कार्यकाल में ही इस मामले में जांच के लिए 4 समितियां गठित की गई थीं। इन समितियों के गठन से पूर्व मुआवजा नहीं या कम मिला तथा अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी से संबंधित दावा-आपत्तियां मंगाई थीं। इन आवेदनों के आधार पर चार समितियां बनाई गई। इन समितियों ने 6 बिंदुओं पर जांच की थी। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को सौंपी गई। यह रिपोर्ट जब विधायकों के समक्ष सार्वजनिक हुई तो इस रिपोर्ट पर विपक्षी दलों के विधायकों ने यह कहकर आपत्ति जताई थी कि कई अहम बिंदुओं पर जांच ही नहीं की गई है, इसलिए इसकी दोबारा जांच होनी चाहिए। इसके बाद अब इस मामले में दोबारा जांच समिति बनाई गई है, लेकिन पिछले दो माह से अब तक जांच शुरू नहीं हो पाई है।

## बच्चों की हताशा आत्महत्या की जिम्मेदार मोदी सरकार

# महंत बोले- पेपर लीक का संकट अब राष्ट्रीय महामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, पेपर लीक का संकट अब एक राष्ट्रीय महामारी का रूप ले चुका है। मोदी सरकार आने के बाद से देश में अब तक 150 से अधिक पेपर लीक की घटनाओं ने 7.5 करोड़ छात्रों और उनके परिवारों को सीधे प्रभावित किया है, लेकिन अब तक एक भी दोषी को सजा नहीं मिली है। लाखों अभ्यर्थी भारी दबाव के बीच औसतन पांच वर्षों तक प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ाई कर परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। इस तैयारी में न केवल अभ्यर्थियों, बल्कि उनके परिवारों को भी भारी आर्थिक बोझ और त्याग का सामना करना पड़ता है। क्योंकि अन्य अवसरों के दरवाजे उनके लिए बंद होते जा रहे हैं, इसलिए हर साल लगभग 9 करोड़ अभ्यर्थियों को केवल 6 लाख सरकारी नौकरियों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। श्री महंत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पेपर लीक के खिलाफ कोटा से राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत करने के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देहरादून में आयोजित छात्रों की गूंज महारैली को संबोधित किया। इस विशाल आमसभा के माध्यम से उत्तराखंड के युवाओं के बीच पेपर लीक माफिया के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती दी गई। एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस की प्रदेश इकाइयों के माध्यम से पेपर लीक के खिलाफ अभियान सड़क से लेकर संदन तक पूरे देश में लगातार आगे बढ़ रहा है। श्री महंत ने कहा, देश में छात्रों ने जैसा बताया जो जन चर्चा है उसके अनुसार नीट यूजी 2026 में 40 लाख रुपए, आईआईटी-जेईई 2021 में 15 लाख रुपए, उत्तराखंड पटवारी 2025 में 15 लाख रुपए, बिहार शिक्षक भर्ती 2024 में 10 लाख रुपए, ओडिशा पुलिस सब-इंस्पेक्टर 2025 में 25 लाख रुपए में परीक्षा पत्र बेचे गए।




### जगदलपुर की छात्रा ने की आत्महत्या

श्री महंत ने कहा कि नीट 2 के परिणाम के बाद जगदलपुर के अड़ावल की एक बच्ची सुरला हारिका राव ने परिणाम से व्यथित होकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि रद्द हुई नीट परीक्षा में बच्ची के अंक ज्यादा हो रहे थे तथा नीट 2 के बाद उसके अंक कम आए इससे दुखी होकर उसने अपनी जान दे दी। इस बच्ची की मौत और इस प्रकार से अन्य बच्चों की मौतों और उनकी हताशा के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार है।

## केदार बोले- बिना तथ्य और मुद्दों के लाया गया अविश्वास प्रस्ताव कांग्रेस की हताशा का प्रतीक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के विरुद्ध कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा, यह प्रस्ताव कांग्रेस की हताशा, राजनीतिक दिवालियापन और नेतृत्व संकट का प्रतीक है। कांग्रेस के पास न कोई ठोस मुद्दा बचा है, न कोई सकारात्मक एजेंडा और न ही जनता का विश्वास। केवल सुर्खियों में बने रहने और अपनी आंतरिक कलह को छिपाने के लिए कांग्रेस यह दिशाहीन अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई थी। श्री कश्यप ने कहा, विधानसभा की चर्चा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि राज्य सरकार के खिलाफ एक भी तथ्यात्मक और तार्किक आरोप प्रस्तुत करने में कांग्रेस पूरी तरह विफल रही। विपक्ष का पूरा प्रयास केवल भ्रम फैलाने और राजनीतिक माहौल बनाने तक सीमित रहा, लेकिन सदन में उनकी रणनीति पूरी तरह बेनकाब हो गई। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार, कुशासन और वादाखिलाफी को पहले ही नकार चुकी है।

# बिजली दफ्तर के सामने स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर शहर जिला कांग्रेस द्वारा स्मार्ट मीटर के खिलाफ बुढ़ापारा बिजली कार्यालय के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया गया एवं लोगों को पुराने मीटर लगवाने संबंधी फार्म बांटे गए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने आरोप लगाया कि एक तरफ आमजन बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर फेल होने से गर्मीभर परेशान रहे, उसके बाद भी प्रदेश की साय सरकार ने ढाई साल में पांच बार बिजली के दामों में वृद्धि कर हर परिवार से वसूली शुरू कर दी है। प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, ओम श्रीवास, सुशांत डे, दाऊलाल साहू, कमलेश नथवानी, राज देवांगन, अर्जुमन ढेबर, मुन्ना मिश्रा, प्रवीण चंद्राकर, सुरेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थिति थे।



### स्मार्ट मीटर बदले जाएं : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, स्मार्ट मीटर के कारण जनता परेशान है, लोगों का बिल तीन गुना तक बढ़कर आया है। उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश से स्मार्ट मीटर वापस लिए हैं। हमारी मांग है कि छत्तीसगढ़ से भी स्मार्ट मीटर वापस लिए जाएं। उत्तरप्रदेश सरकार ने माना कि स्मार्ट मीटर में बिजली की खपत ज्यादा बताई जा रही है।

# नकटी की सार्वजनिक उपयोग की भूमि विधायक कॉलोनी के लिए देना सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना तो नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने विवादित नकटी की सार्वजनिक उपयोग की भूमि विधायक कॉलोनी के लिए आवंटित करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कहीं ऐसा करने से सुप्रीम कोर्ट की अवमानना तो नहीं होगी? दरअसल उन्होंने ये सवाल इसलिए उठाया है कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के पालन में छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव द्वारा जारी आदेश अभी भी प्रचलन में है और साथ ही नकटी कि भूमि के आवंटन की प्रक्रिया भी चल रही है। श्री अकबर ने एक बयान जारी कर इस बारे में स्थिति स्पष्ट की है।

- पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने उठाए सवाल

### जारी किए दस्तावेज



श्री अकबर ने एक शासकीय आदेश जारी कर जानकारी दी है कि प्रमुख सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 10 मार्च 2011 को राज्य के सभी कलेक्टरों, सभी संभागायुक्तों को तत्काल समयसीमा के साथ पत्र प्रेषित करते हुए निर्देशित किया है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 24 जनवरी 2011 के परिपालन में मुख्य सचिव की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाबदावा प्रस्तुत किया जाना है। अतः जिलों के समस्त राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों को सूचित करते हुए उनसे सार्वजनिक निस्तारी भूमियों की सूची तैयार कराएं तथा वर्तमान में जो निस्तारी भूमियां उपलब्ध हैं, उन्हें चिन्हांकित कर सुरक्षित किया जाए एवं भविष्य में सार्वजनिक उपयोग हेतु सुरक्षित भूमियों को किसी अन्य प्रयोजन के लिए आवंटन हेतु प्रस्तावित न करें। ऐसी स्थिति में यदि कलेक्टर रायपुर द्वारा सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग के दिनांक 4-10-2024 के निर्देशानुसार सांसदों, एवं विधायकों के आवास के लिए ग्राम नकटी की भूमि जो सार्वजनिक उपयोग (चारागाह) है, को हाउसिंग बोर्ड को आवंटित करने के लिए कार्यवाही करते हैं तो यह सुप्रीम कोर्ट की अवमानना की स्थिति बन सकती है। हालांकि अवमानना हुई या नहीं, यह संबंधित न्यायालय को तय करना है। ये अच्छी बात है कि नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से अभी तक किसी भी न्यायालय की अवमानना मामले में किसी को सजा नहीं हुई है, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पहले जबलपुर हाईकोर्ट से रायपुर के संयुक्त पंजीयक सहकारिता को 15 दिनों की सजा हुई थी, उसके बाद से अब तक इस प्रकार की कोई घटना छत्तीसगढ़ में नहीं हुई है।

### हाउसिंग बोर्ड को सौंपने की तैयारी

प्रमुख सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के उक्त निर्देश अभी भी अस्तित्व में हैं, फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नकटी की चारागाह की भूमि खाली कराकर हाउसिंग बोर्ड को आवंटित करने का निर्देश दिए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उसे खाली कराकर हाउसिंग बोर्ड को सौंपने की तैयारी की जा रही है, जो आश्चर्यजनक है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री चंपू ने बलराम तिवारी को दी श्रद्धांजलि

**अभनपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय बलराम तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। अस्वस्थ होने के कारण चिकित्सकों की सलाह पर घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे श्री साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिवंगत नेता के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्री साहू ने कहा कि स्वर्गीय बलराम तिवारी सांगठनिक क्षमता के धनी, सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के स्वामी थे। उन्होंने संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके समर्पण, कार्यशैली और संगठन के प्रति निष्ठा को सदैव याद रखा जाएगा।

### कुरूद-सिलयारी पीएचसी को मिली एंबुलेंस

**सिलयारी।** कुरूद-सिलयारी क्षेत्र की आम जनता को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जिला पंचायत सदस्य व सभापति श्रीमती सरोज चन्द्रवंशी प्रयास से कुरूद-सिलयारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नई एंबुलेंस की सुविधा शुरू होने से अब मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की सभापति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभापति बनने के बाद से उन्होंने लगातार जनहित से जुड़े स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। नई एंबुलेंस के संचालन से दुर्घटना, गंभीर बीमारी या आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में सुविधा होगी, जिससे समय पर उपचार मिल सकेगा और अनेक लोगों का जीवन बचाने में मदद मिलेगी।

#### ईश्तहार

**क्रमांक/687/नामां./न.पं./2026-27**
**चंदखुरी, दिनांक 01/07/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, नीचे निर्दिष्ट कॉलम (2) में दर्शित आवेदिका से छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत कॉलम (3) मे विनिर्दिष्ट परिसंपत्ति को नगर पंचायत चंदखुरी के कर मांग पंजी मे अपने नाम पर नामान्तरण किए जाने इस कार्यालय को निर्धारित प्रारूप मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है, और उक्त परिसंपत्ति अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में नामान्तरण हेतु विचाराधीन है

**क्र. -1, आवेदक का नाम-** श्री मेहत्तरू राम विश्वकर्मा पिता/पति दुकलहा राम विश्वकर्मा नगर चंदखुरी (छ.ग.) **आवेदक/हस्ताक्षरकर्ता का नाम/पिता/पति का नाम पता-** श्री रामरतन विश्वकर्मा पिता/पति दुकलहा राम विश्वकर्मा नगर चंदखुरी रायपुर, **नामांतरण हेतु प्रस्तावित भूमि/भवन का वार्ड क्र. एवं लैंडमार्क-** वार्ड क्र. 03 माता कौशिल्या वार्ड नगर पंचायत चंदखुरी, **भूमि/भवन खसरा नं.** - खसरा नं. 437-173 का भाग, **रकबा-** 72 वर्गमीटर, **नामांतरण का साधन/आधार/रिमार्क-** मलमा बिक्रीनामा के माध्यम।

अतः ऊपर उल्लेखित परिसंपत्ति के नामान्तरण किये जाने से किसी व्यक्ति / वारिसान या अन्य को आपत्ति होतो वें अपना दावा-आपत्ति तथ्यात्मक कारणों तथा उससे संबंधित प्रमाणिक अभिलेखों सहित ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे उपस्थित होकर कर सकते है ।

नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा दावामान्य नहीं होगा तथा यह मानकर कि उक्त परिसंपत्ति निर्विवाद है, प्रकरण पर नामान्तरण की एक तरफा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चंदखुरी, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बरौदा के यादव महासम्मेलन में सामाजिक भवन का किया लोकार्पण

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा कला व संस्कृति की समृद्धि में यादव समाज राज्य में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा



ग्राम बरौदा में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय यादव समाज महासम्मेलन एवं नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अतिथियों का पारंपरिक रूप से आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवनिर्मित सामाजिक भवन का फीता काटकर और पट्टिका का अनावरण कर विधिवत लोकार्पण किया। समारोह के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और यादव समाज के पारंपरिक लोक नृत्य 'राउत नाचा' की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झेरिया यादव समाज को इस भव्य आयोजन और नए भवन की बधाई दी। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि यादव समाज का छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, लोक कला और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हमेशा से ऐतिहासिक योगदान रहा है। यह नवनिर्मित भवन केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के मार्गदर्शन का एक बड़ा केंद्र बनेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास, शिक्षा और उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

वहीं, क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यादव समाज का इतिहास हमेशा से संस्कृति की रक्षा और सेवा का रहा है। छत्तीसगढ़ की लोक कला 'राउत नाचा' और दोहे समाज की पहचान हैं, जिनके संरक्षण के लिए वे हमेशा साथ खड़े हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के दम पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए विश्वास दिलाया कि धरसींवा विधानसभा के विकास और यादव समाज की हर जायज मांग व आवश्यकता को पूरा करने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष, पदाधिकारीगण सहित विभिन्न जिलों से आए हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधु, मातृशक्ति और युवा वर्ग उपस्थित रहे।

# डा. बघेल जयंती पर समाजसेवक व मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम स्वप्न दृष्टा डॉ. खूब चंद बघेल की 126वीं जयंती छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने भव्यता और सामाजिक समरसता के साथ मनाई। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यालय नरदाहा भवन में आयोजित समारोह में 50 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाज के दानवीरों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे नवीन मार्केट में डॉ. बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जहां बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, मंत्री टंक राम वर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, आरएसएस प्रांत प्रमुख टोप लाल वर्मा एवं आईएएस चंद्रकांत वर्मा ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। रमेश कश्यप (सर्व पिछड़ावर्ग महासंघ के उपाध्यक्ष), ठेठवार समाज के पहुप राम यदु, राजा निर्मलकर, माधव देवदास, दिनेश निर्मलकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, युवराज सिन्हा आदि ने विचार रखे। इस अवसर पर समाज के संरक्षक मन्नू लाल परगनिया, डॉ. के. के. नायक, रघुनंदन लाल वर्मा, मोती वर्मा, मीना परगनिहा, केंद्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, जागेश्वर बघेल, आर. सी. वर्मा, संतोष आडील, उपस्थित रहे।

#### छत्तीसगढ़ राज्य का सपना देखा : कश्यप

समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. खूब चंद बघेल ने एक ऐसे छत्तीसगढ़ का सपना देखा था जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय सभी के लिए सुलभ हो।

#### समाज सेवा का अद्भुत उदाहरण : टोपलाल

आरएसएस के प्रांत प्रमुख टोप लाल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. खूब चंद बघेल का जीवन संघर्ष और समाज सेवा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बघेल जी ने छत्तीसगढ़ की अस्मिता और पहचान के लिए जो आंदोलन किया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनकी विचारधारा सामाजिक समरसता और सबके विकास पर केंद्रित थी।

#### सरकार करेगी हर संभव सहयोग : मंत्री टंकराम वर्मा

छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि डॉ. खूब चंद बघेल का सपना एक समृद्ध और शिक्षित छत्तीसगढ़ का था। उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है और समाज द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्या पीठ के माध्यम से किए जा रहे शिक्षा के कार्यों को सरकार हर संभव सहयोग देगी।

# नकटी के प्रभावित परिवारों रोकना लोकतंत्र का अपमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा

- सीएम के बरौदा कार्यक्रम में जाने से रोका गया : कांग्रेस

ग्राम नकटी के प्रभावित परिवार आज ग्राम पंचायत बड़ौदा में आयोजित यादव समाज के कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं विधायक श्री अनुज शर्मा के समक्ष अपनी पीड़ा, पुनर्वास और न्याय की मांग रखने के लिए शांतिपूर्वक रवाना होने वाले थे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भी प्रभावित परिवारों के साथ बरौदा जाने के लिए नकटी पहुंचे थे। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इसकी सूचना मिलते ही शासन-प्रशासन ने नकटी गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया और प्रभावित परिवारों सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को गांव से बाहर निकलने से रोक दिया। कांग्रेस ने इसे प्रभावित परिवारों को उनके ही गांव में नजरबंद (हाउस अरेस्ट) करने जैसी कार्रवाई बताते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है।

कांग्रेस का कहना है कि नकटी के प्रभावित परिवार केवल मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखना चाहते थे और सम्मानजनक पुनर्वास, उचित मुआवजा तथा न्याय की मांग करना चाहते थे। लेकिन सरकार ने उनकी बात सुनने के बजाय पुलिस के बल पर उनकी आवाज़ दबाने का प्रयास किया। लोकतंत्र में जनता का अपनी बात रखना और जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछना उसका संवैधानिक अधिकार है, जिसे इस प्रकार कुचलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

### पीएम वर्मा को रिटायर होने पर दी गई विदाई



**तरपोंगी।** स्थानीय तरपोंगी पोस्ट ऑफिस में कार्यरत पोस्ट मास्टर बलदाऊ प्रसाद वर्मा 30 जून को अपनी लंबी और सराहनीय सेवाओं के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए। विभाग में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद रखने के लिए तरपोंगी में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पोस्ट मास्टर निकिता टंडन कुंरा, सृष्टि दीवान धरसींवा, कीर्ति वर्मा सोंडरा, पोस्ट मैन जागेश्वर निर्मलकर तरपोंगी, नेहा ध्रुव देवरी, कुम्भकरण साहू खैरखूंट, अरुण नाइक कुंरा, संदीप वर्मा धरसींवा आदि शामिल हुए।

# कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर हटाओ आंदोलन की तैयारी शुरू की



- अभियान के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई : बंजारे

**सिलयारी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा आम जनता के हित में स्मार्ट मीटर हटाओ – जनआवेदन अभियान की शुरुआत बिरगांव ब्लॉक से की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर आम नागरिकों से स्मार्ट मीटर हटाने के लिए आवेदन भरवाएंगे तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विद्युत वितरण कंपनी (सीएसईबी) कार्यालय में जमा करेंगे।

श्री बंजारे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा जनता पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेशभर से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। अनेक परिवारों को पहले की तुलना में कई गुना अधिक बिजली बिल प्राप्त हो रहे हैं, जिससे गरीब, मध्यमवर्गीय एवं किसान परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी भी शिकायतें सामने आ रही हैं कि जिन घरों में कई दिनों तक ताला लगा रहता है या बिजली का उपयोग नहीं होता, वहां भी भारी बिजली बिल जारी किए जा रहे हैं। आम नागरिकों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगातार सक्रिय (ऑटोमेटिक) रहता है, जिसके कारण वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग दर्ज होने की आशंका बनी रहती है। उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं हो रहा और बिजली विभाग के अधिकारी भी संतोषजनक जवाब देने में असफल साबित हो रहे हैं।

# किरना की छात्राओं को मिली सायकिल

**सिलयारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ग्राम किरना में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण एवं सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलें वितरित की गईं तथा विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शैल महेंद्र साहू ,विद्यालय के प्राचार्य आई.पी. वर्मा, आरिफ सर, जनार्दन वर्मा, सरपंच गोपाल वर्मा, उपसरपंच, पूर्व जनपद सदस्य डॉ. चिमन साहू, कान्हा साहू, गिरवर वर्मा, चंद्रवंशी मैडम, अवध यदु, शुक्ला मैडम, विशेषर साहू सहित विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा

भारत विकास परिषद्, संकल्प शाखा, रायपुर की किशोरी प्रमुख, श्रीमती वालिका साहू द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला, ग्राम तुलसी, रायपुर की किशोरियों को अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की जानकारी दी गई एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक संपर्क भी उपलब्ध करवाए गए।

इसके अतिरिक्त स्वयं के संपूर्ण विकास हेतु शिक्षा की महत्वता, शारीरिक विकास के विषय में भी प्रकाश डाला गया, मोबाइल का सीमित एवं सही उपयोग करने की भी प्रेरणा दी गई।

परिषद् की किशोरी सह प्रमुख, श्रीमती स्नेहलता बघेल एवं श्रीमती नीमा गुप्ता ने भी अपना सहयोग दिया।

इसके उपरान्त भारत विकास परिषद् द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला, आमा सिवनी में भी वृक्षारोपण किया गया जिसमें परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख टेक राम वर्मा, संकल्प शाखा के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, पर्यावरण प्रमुख यशेन्द्र गुप्ता, परिषद् की अनेकों महिला कार्यकर्ता एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य समारू राम बंजारे, शिक्षिका श्रीमति सविता वर्मा, श्रीमती माधवी वर्मा, श्रीमती संगीता वर्मा एवं श्रीमती भारती वर्मा ने भी योगदान दिया।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### मिनीमाता स्मृति दिवस की तैयारी में जुटा सतनामी समाज

**रायपुर।** सतनामी समाज की गुरुमाता व छग प्रदेश की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता की 11 अगस्त को 54 वी.पुण्यतिथि 'स्मृति दिवस' के रूप में मनाई जाएगी। रविवार को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। आयोजन समिति संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि समाज की ओर से राजधानी में राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां माताजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद कर प्रतिवर्ष की भांति प्रदेश की उत्कृष्ट महिलाओं तथा 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व पंडरी स्थित मिनीमाता की आदमकद प्रतिमा पर प्रातः पुष्पांजलि सभा होगी। बैठक के दौरान इस वर्ष से पत्रकार स्व. सुखनंदन बंजारे की स्मृति में पत्रकारिता सम्मान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, राजधानी के उत्कृष्ट पत्रकार को यह सम्मान दिया जाएगा। बैठक में संरक्षक शकुन डहरिया, केपी खण्डे, एमडी माहिलकर, सुंदरलाल जोगी, एसके सोनवानी, बंशीलाल कुर्रे, मनोज बंजारे, संतोष महिलांग सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### विधि छात्र संध्या ने एआईबी की परीक्षा की उत्तीर्ण

**रायपुर।** सौ. कुसुम ताई दाबके (एसकेटीडी) विधि महाविद्यालय से एलएलबी की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद विधि छात्रा संध्या विभार ने पहली



बार में ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीई) भी सफलता के साथ उत्तीर्ण कर अधिवक्ता के रूप में अपने विधिक जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अधिवक्ता भगवानू नायक, अधिवक्ता उर्वशी घोष पाल एवं अधिवक्ता पारसमणि नायक सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करना किसी भी विधि स्नातक के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसके ज्ञान, परिश्रम एवं विधि के प्रति समर्पण का परिचायक है।

### डीएपी खाद नहीं मिल रही किसान 2400 में एनपीके खरीदने को मजबूर

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों में उछाल और डीएपी की किल्लत के कारण किसानों को महंगी एनपीके खाद खरीदनी पड़ रही है। भारी कमीशन और 'टैगिंग' के चलते डीलर्स कम सब्सिडी वाली एनपीके को ऊंची दरों (लगभग 1900 से 2450 प्रति बैग) पर बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एनपीके की ऊंची दरें और किसानों का मुख्य आरोप है कि डीएपी की भारी कमी के कारण उन्हें एनपीके लेने के लिए मजबूर किया जाता है। खरीफ सीजन के दौरान वैश्विक तनाव के प्रभाव से एनपीके के दाम 2450 प्रति बैग तक पहुंच गए हैं। भारी कमीशन के कारण एनपीके ऊंची दर पर किसान स्तरहीन खाद लेने मजबूर हैं। भाजपा सरकार किसानों को खून के आंसू रुलाने पर उतारू है। किसानों को लगातार चोट पहुंचाने का कार्य साय सरकार कर रही है। इस मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने डीएपी के बदले एनपीके गुणवत्ताहीन देने के निर्णय का विरोध कर आक्रोश प्रकट करते हुए सरकार पर भारी कमीशन लेने का आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि एक महीने में ही 1000 रुपए प्रति बोरी दाम बढ़ना और उसी खाद को किसानों के लिए भेजना केवल कमीशन खाने का माध्यम है। किसानों को उसे भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

# फायरमैन भर्ती में व्यापम ने पूछा-अग्निशमन यंत्र के आवश्यक गुण, कैसे बुझाएं बिजली से लगी आग?

*छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को फायरमैन भर्ती परीक्षा आयोजित की। इसके लिए व्यापम को प्रदेशभर से 6325 आवेदन मिले थे। इनमें से 88.25 प्रतिशत कैंडिडेट्स परीक्षा में शामिल रहे, शेष ने परीक्षा छोड़ दी। फायरमैन के 117 पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र सिर्फ रायपुर में ही बनाए गए थे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक परीक्षा आयोजित की गई। नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं के अंतर्गत रिक्त पदों पर यह भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। इस लिखित परीक्षा में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परीक्षार्थियों से पूछे गए सवाल अत्यंत रोचक रहे। फायरमैन पदों के लिए परीक्षा होने के कारण आग बुझाने संबंधित सवालों की अधिकता रही। विद्युतजनीत आग को बुझाने कौन से अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया जाता है? लकड़ी, कागज, कपड़ा और रबर जैसे सामान में लगने वाली आग किस श्रेणी में आती है?

अग्नि त्रिभुज किन तत्वों से निर्मित होता है? प्रभावी एवं उत्तम अग्निशमन यंत्र के आवश्यक गुण कौन-कौन से हैं, जैसे सवालों के साथ अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण, निकासी परिवहन, अग्नि सुरक्षा प्रणाली के घटक संबंधित सवाल भी पूछे गए।

**117 पदों पर होगी इसके माध्यम से भर्ती**

**88.25% रही उपस्थिति, 6325 ने किया था आवेदन**



### छत्तीसगढ़ संबंधित सवाल

- राज्य में औद्योगिक विकास का मुख्य केंद्र
- छग में नई फसल आने के समय कौन सा गीत गाते हैं?
- मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए छग सरकार द्वारा कौन सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है?
- राज्य का संवैधानिक प्रमुख कौन है?
- छग की किस मिट्टी में चिकनी मिट्टी की मात्रा सर्वाधिक पाई जाती है?
- बस्तर का महान मुक्ति संग्राम किस नाम से जाना जाता है?
- छग में बौद्ध धर्म का सबसे प्राचीन और प्रमुख केंद्र कौन सा है?
- जशपुर पाट के दक्षिण में कौन सा जिला स्थित है?
- कालक्रमानुसार छग के राज्यपालों के नाम।
- शिवनाथ के पार में मैदान में कौन सी नदियां प्रवाहित होती हैं?
- छग में दशहरे पर सोनपत्ती देने की परंपरा किसने प्रारंभ की थी?

### यूपीएससी की परीक्षा में पहुंचे सिर्फ 32%

*व्यापम के अलावा यूपीएससी की भी परीक्षा रविवार को थी। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के अंतर्गत रिक्त सहायक कमांडेंट पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक यह परीक्षा संचालित हुई। इसके लिए रायपुर में चार केंद्र बनाए गए थे। यूपीएसस को इसके लिए 1704 आवेदन मिले थे। इनमें से सिर्फ 538 अर्थात 31.57% ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।*

## कंसल्टेंट एजेंसी हायर करने नगर निगम ने जारी किया ऑनलाइन टेंडर

# जलभराव के लिए 98 क्षेत्र संवेदनशील स्थायी समाधान के लिए 220 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में जलभराव के समस्या के स्थायी समाधान के लिए रायपुर नगर निगम ने कंसल्टेंट हायर करने ऑनलाइन टेंडर जारी किया है। चयनित कंसल्टेंट एजेंसी शहर के जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर पहले फील्ड सर्वे करेगी, इसके बाद स्टडी कर अपनी रिपोर्ट निगम प्रशासन को सौंपेंगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे डीपीआर तैयार होगी। यह प्रोजेक्ट 3 साल में पूरा होगा। भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने रायपुर शहर की जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा भेजे गए 220 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे दी है। इसमें से 30 फीसदी फंड की राशि प्रथम किस्त के रूप में केंद्र सरकार से मिलनी है, पिछले दो माह से रायपुर नगर निगम को इस राशि के मिलने का इंतजार है।

दरअसल शहरी बाढ़ जोखिम विकास प्रोजेक्ट के लिए देश के 9 चुनिंदा शहरों का चयन भारत शासन के बाढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया गया है। चयनित शहरों में भोपाल, भुवनेश्वर, गौहाटी, जयपुर, कानपुर, त्रिवेंद्रम, पटना, विशाखापट्टनम और रायपुर शामिल है। प्रथम चरण में केंद्र ने छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर और उत्तरप्रदेश के कानपुर शहर के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। रायपुर नगर निगम के अधीक्षण अभियंता इमरान खान ने बताया कि देश के प्रमुख 9 शहरों में से रायपुर का प्रपोजल ही सबसे पहले स्वीकृत हुआ था और रायपुर नगर निगम ने ही सबसे पहले इस प्रोजेक्ट में कंसल्टेंट हायर करने टेंडर किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत केंद्र सरकार से 90 फीसदी राशि और राज्य का अंशदान 10 फीसदी रहेगा।

**केंद्र से प्रथम किस्त की 30 फीसदी राशि 2 माह बाद भी नहीं हुई रिलीज**



### 9 मई 2024 को मांगा था प्रस्ताव

भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा रायपुर शहर को जलभराव की समस्या से निराकरण के लिए 220 करोड़ का प्रावधान रखते हुए 9 मई 2024 को पत्र के माध्यम से प्रस्ताव मांगा। नगर निगम ने 2 वर्ष पूर्व इस संबंध में जोन स्तर पर सर्वे कराने के बाद शहर में ऐसे 98 इलाके चिन्हांकित किए, जो जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील माने जाते हैं। इन क्षेत्रों की वार्डवार सूची बनाकर समस्या के स्थायी समाधान का सुझाव देते हुए प्रारंभिक स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर केंद्र को भेजा था। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नगर निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को अलग-अलग स्तर पर रिवाइज करने के बाद केंद्र ने 12 मई 2026 को स्वीकृति भेज दी।

### जलभराव समस्याग्रस्त इन इलाकों को किया था चिन्हांकित

- मोवा अंडरब्रिज से जब्बार नाला वाला क्षेत्र
- शंकर नगर अशोका टॉवर वाला इलाका
- आनंद नगर के पास मौलीपारा राजातालाब क्षेत्र
- चूड़ीलाइन गोलबाजार- दुकानों में भरता है बारिश का पानी
- कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर के आसपास का क्षेत्र, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर एरिया, हनुमान नगर प्रयाग नगर, प्रियदर्शिनी नगर, व्हाइट हुड इटालिया के सामने
- उद्योग भवन से तेलीबांधा ब्रिज तक
- गोकुलनगर, अक्षत विहार, शाश्वत नगर
- बूढ़ेश्वर मंदिर से एमआर रोड ब्रह्मपुरी तक
- एनआईटी के सामने वाला क्षेत्र
- समता-चौबे कालोनी मुख्य मार्ग से कृष्णा टाकीज मोड़ तक
- भाठागांव से आछी तालाब अंतिम छोर से मुख्य नाला तक
- पीहर मैरिज पैलेस से खारुन नदी के समीप एसटीपी आउटलेट तक
- भाठागांव काठाडीह मुख्य मार्ग से नदी के पास स्थित एसटीपी तक
- दलइल सिवनी द्वारिका विहार, दयानगर, अवनी विहार
- मोवा की दुबे कालोनी
- लभांडी बस्ती, सांईनगर जोरा
- तेलीबांधा थाना के सामने
- विधायक विश्रामगृह के पास
- मेडिशाइन हास्पिटल से महात्मा गांधी नगर तक

**इसके अलावा जलभराव प्रभावित अन्य क्षेत्र जोन स्तर पर चिन्हाकित किए गए।**

### 220 करोड़ के प्रोजेक्ट में इस तरह होंगे कार्य

- *111 करोड़ की लागत से शहर में बड़ा नाला निर्माण की योजना*
- *तालाबों को आपस में जोड़ने का कार्य, ताकि पारंपरिक जलस्त्रोत का संरक्षण हो सके।*
- *ब्लू ग्रीन ईंधन का कांसेप्ट*
- *रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य*
- *इको पार्क बनाए जाएंगे, ताकि शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार हो*
- *बाढ़-आपदा की समयसीमा पूर्व चेतावनी का सिस्टम, जो कि अभी तक शहर में विकसित नहीं हुआ है।*
- *शहरभर में व्यापक स्तर पर होगा सर्वे, ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी।*
- *यह कार्य राष्ट्रीय शहरी बाढ़ आपदा नियंत्रण कार्यक्रम के तहत किया जाएगा।*

## सहकारी समिति कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की प्रदेशस्तरीय रैली आज



- 4 सूत्रीय मांगें, मुख्यमंत्री खाद्य मंत्री सहकारिता मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे
- तूता धरनास्थल पर परिजनों के साथ करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर 20 जुलाई को प्रदेशभर के सहकारी समिति के कर्मचारी और धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अपने परिजनों के साथ तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन करेंगे।

इस मौके पर धरनास्थल से रैली निकाली जाएगी। रैली में छत्तीसगढ़ सहकारी समितियों के कर्मचारी, लिपिक, सेल्समैन, सोसायटी प्रबंधक, ऑपरेटर से लेकर चौकीदार, समिति के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी एवं संविदा कर्मवारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। प्रदेशभर के 17 हजार सहकारी समिति कर्मचारी और धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटरों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 20 जुलाई को लामबंद कर्मचारी अपने परिवार के साथ तूता स्थित धरनास्थल से महारैली निकालकर मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री और खाद्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर और छत्तीसगढ़ धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ के आव्हान पर धरनास्थल से दोपहर 12 बजे रैली निकाली जाएगी।

### प्रमुख मांगें

- *समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24,2024-25 और 2025-26 में धान परिदान के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य कर यह राशि समितियों देते हुए 2024-25 में शून्य शार्टेज प्रोत्साहन राशि का प्रावधान करने की मांग।*
- *धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटरों को 6 माह के स्थान पर 12 माह का वेतन प्रदान करते हुए नियमितीकरण किया जाए।*
- *प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतनमान देने प्रतिवर्ष प्रत्येक समिति को 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि मध्यप्रदेश सरकार की भांति दिए जाने की मांग।*
- *सेवा नियम 2018 में आवश्यक संशोधन कर भविष्यनिधि ग्रेच्यूटी, वेतन पुनरीक्षण तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के सभी पदों पर 50 फीसदी समिति कर्मचारियों से भर्ती की जाए।*

# दो साल के बाद भी वाटर हार्वेस्टिंग, नए तालाब भवनों के मरम्मत सहित सैकड़ों कार्य अधूरे

**फंड जारी नहीं होने से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य ठप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दो साल से विकास कार्य ठप पड़े हैं। फंड जारी नहीं होने के कारण ग्राम पंचायतों में स्वीकृत आवश्यक कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग, नए तालाब, आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत, नई आंगनबाड़ी, तालाब गहरीकरण-पचरी, नाली निर्माण, मुक्तिधाम, प्रतीक्षालय समेत अन्य कार्य लंबित है।

इधर स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने के लिए जनपद एवं ग्राम पंचायतों को भी फंड जारी होने का इंतजार है, क्योंकि बिना फंड के वे भी कार्य प्रारंभ करा नहीं पा रहे हैं।

### 800 वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य लंबित

*महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल स्रोत बढ़ाने के लिए वर्ष 2024 में वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब गहरीकरण-पचरीकरण सहित नए तालाब निर्माण, डबरी एवं कुआं के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इनमें वाटर हार्वेस्टिंग के 2043 कार्य शामिल हैं, जिनमें से मई 2025 तक 1159 कार्य ही पूर्ण हो पाए थे। सूत्रों के अनुसार, इसके बाद से लेकर अब तक लगभग 100 से 150 कार्य ही पूर्ण हुए हैं। इस तरह वर्तमान में लगभग 8 सौ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य अभी भी लंबित हैं।*

### सभी ब्लॉक में सैकड़ों कार्य अटके

*मनरेगा के तहत जिले के अभनपुर, आरंग, धरसींवा एवं तिल्दा ब्लॉक क्षेत्रों के लिए कुल 4598 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। सूत्र के अनुसार इनमें से लगभग 3050 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहीं 15 सौ से ज्यादा कार्य अभी तक अपूर्ण हैं। इन सभी ब्लॉक में सबसे ज्यादा आरंग में कार्य अपूर्ण हैं। आरंग ब्लॉक में कुल 1817 स्वीकृत कार्यों में 1257 कार्य पूर्ण हुए हैं, जबकि 560 अपूर्ण हैं। इसी प्रकार तिल्दा ब्लॉक में स्वीकृत 1193 कार्यों की तुलना में 842 पूर्ण एवं 351 अपूर्ण, धरसींवा ब्लॉक में स्वीकृत 579 कार्यों में 410 पूर्ण एवं 169 अपूर्ण तथा अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में कुल स्वीकृत 1008 कार्यों में से 732 पूर्ण एवं 276 अपूर्ण हैं।*

## पेज 09 के शेष

### अब तैयार होंगे अंतिम परिणाम...

किसी छात्र ने दोनों परीक्षाएं दी हैं तो जिस परीक्षा में संबंधित विषय में अधिक अंक होंगे, वही अंतिम मार्कशीट में दर्ज किए जाएंगे। अर्थात छात्रों को कम अंक का नुकसान नहीं होगा।

### प्राइवेट छात्रों को पंजीकृत पते...

उनके स्कूलों के जरिए उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि निजी अभ्यर्थियों को यह उनके पंजीकृत पते पर भेजी जाएगी। दिल्ली क्षेत्र के कुछ निजी अभ्यर्थी अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र से भी मार्कशीट प्राप्त कर सकेंगे।

### पांच मौतों की गुत्थी सटोरिये और...

संपत्ति में से जमीन का एक टुकड़ा अपने नाम पर रखा है। मां की उम्र 90 साल से ज्यादा है। साजिद की मां अपने बेटे के वापस लौटने पर अपने नाम की संपत्ति शाहिद को देना चाहती थी। इस बात का उल्लेख खुद मृतक ने किया था। लोग साजिद के पहनावे को देख नेताजी कहकर बुलाते थे।

### दो शीशी कीटनाशक दवा का...

परिवार सहित खुदकुशी प्रकरण में दो शीशी जहर के इस्तेमाल करने की बात सामने आई है। जहर की जो दो खाली शीशियां मिली हैं। उनमें कीटनाशक दवा होने की बात सामने आई है। हालांकि उसमें किस तरह की जहर था, इस संबंध में पुलिस फोरेंसिक लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रही है।

### बच्चों की सुरक्षा का ध्यान...

तकनीकी परीक्षण किया। इसके अलावा बस चालकों को अग्नि सुरक्षा एवं आग बुझाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

स्कूल बसों की सुरक्षा जांच में फर्स्ट एड बॉक्स, सीट बेल्ट, फायर एक्सटिंग्विशर, जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, 40 किमी प्रति घंटे की लिमिट वाला स्पीड गवर्नर, चालक का पांच वर्ष का हैवी पैसेंजर वाहन चलाने का अनुभव, चालक-परिचालक की यूनिफॉर्म, आईडी कार्ड, हेल्पर की उपलब्धता, विद्यार्थियों की सूची एवं संपर्क विवरण, खिड़कियों पर ग्रिल, सुरक्षित दरवाजे, आपातकालीन संपर्क नंबर तथा वाहन के फिटनेस, परमिट, बीमा एवं नियमित मेंटेनेंस सहित कुल 16 सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। इनमें से 22 स्कूल बसों के दस्तावेजों में खामियां मिलीं। इन स्कूल बसों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**पिंक पेट्रोलिंग, हेल्पलाइन नंबर चस्पाः** स्कूल बसों से आवाजाही करने वाले बच्चों को, खासकर लड़कियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने पिंक पेट्रोलिंग तथा यातायात हेल्पलाइन के नंबर बसों पर चस्पा किए। जरूरत पड़ने पर बच्चे उन नंबरों पर संपर्क कर मदद मांग सकते हैं।

**ज्यादातर स्कूल बसों की जांच पूरीः** नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद संबंधित विभाग ने अब तक 769 स्कूली बसों की जांच पूरी कर ली है। परिवहन विभाग के रिकार्ड में साढ़े नौ सौ के करीब स्कूल बसें हैं। रजिस्टर्ड स्कूल बसों में से दो सौ के करीब बसें ग्रामीण क्षेत्र के साथ पड़ोसी जिलों के स्कूलों में चलाई जा रही हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इस लिहाज से रायपुर की ज्यादातर स्कूल बसों की जांच कंपलीट कर ली गई है।

### बिजली के मीटर की जांच कराने...

लगाने का काम टाटा और जीनस कंपनी को मिला है। कंपनी मीटर बदलने में लगातार जुटी है। सरकारी विभागों के साथ आम उपभोक्ताओं और सभी व्यापारिक संस्थानों के भी मीटर बदले जा रहे हैं।

### युवक पर पेट्रोल डालकर जिंदा...

बाद पुलिस मृत युवक के दो साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मुकेश निषाद तथा उसके तीन अन्य साथियों पर ई-रिक्शा चालक शाकिर रजा पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप है। मृतक के चचेरे भाई वाजिद अली के अनुसार, घटना दिनांक को मुकेश उसके भाई को रात 9 बजे बुलाकर अपने साथ ले गया। उसने रजा को किसी साथी के ई-रिक्शा को जलाए जाने से बचाने अपने साथ चलने के लिए कहा। घर से ले जाने के एक घंटे बाद शाकिर की आग से झुलसने की सूचना मिली। उसे डॉयल-112 की टीम ने उपचार कराने एम्स अस्पताल लाकर भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर डीकेएस अस्पताल शिफ्ट किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### डूमरतराई बाजार के 40 फीसदी...

आता है। कारोबारियों के मुताबिक अब रोज छोटे-बड़े मिलाकर मुश्किल से 40 से 50 वाहनों में ही माल की आवक हो रही है। डिमांड कम होने के कारण कारोबारी कम ही माल मंगा रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक पहले ही बाजार में मंदी के कारण 20 फीसदी कारोबार प्रभावित था, अब मानसून के कारण और 15 से 20 फीसदी कारोबार प्रभावित हो गया है। ऐसे में बाजार में करीब 40 फीसदी मंदी हो गई है। अब अगले माह से रक्षाबंधन के समय त्योहारी सीजन प्रारंभ होने पर ही कारोबार में तेजी आने की संभावना है।

*रायपुर, बिलासपुर भिलाई, बीरगांव धमतरी और रिसाली में बनेंगे मकान*

# पीएम आवास के लिए हितग्राहियों से लेंगे 1.45 लाख का अंशदान, पहली किस्त 10 हजार रुपए

*प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत छत्तीसगढ़ में स्वीकृत अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) मॉडल-1 परियोजनाओं के लिए राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने सभी संबंधित नगर निगमों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार चयनित हितग्राहियों से कुल 1.45 लाख रुपये का अंशदान लिया जाएगा। इसमें 10 हजार रुपए पहली किस्त के रूप में जमा कराने होंगे, जबकि शेष 1.35 लाख रुपए 36 मासिक किस्तों में 3,750 रुपए प्रतिमाह जमा कराए जाएंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यह निर्देश भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र के संदर्भ में जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने 23 फरवरी 2026 को आयोजित केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी थी।पहले होगा सत्यापन, फिर जारी होगा आवंटन पत्रसूडा ने नगर निगमों को निर्देश दिया है कि सभी चयनित हितग्राहियों का सत्यापन कर उनकी जानकारी भारत सरकार के यूनिफाइड वेब पोर्टल पर संबंधित परियोजनाओं से लिंक की जाए। पहली किस्त जमा होने के बाद हितग्राहियों को निर्धारित प्रारूप में आवंटन पत्र जारी किया जाएगा।

### 27 परियोजनाओं में बनेंगे मकान

दस्तावेज के अनुसार योजना के तहत कुल 8,987 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक आवास भिलाई और बिलासपुर नगर निगम क्षेत्रों में हैं। परियोजनाएं रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, बीरगांव, धमतरी और रिसाली नगर निगम क्षेत्रों में संचालित होंगी। रायपुर में कोटा, सरोना, लाभांडी, शंकर नगर-मठपुरैना और कचना, जबकि बिलासपुर में पंप हाउस, मिट्टीटीला, तालापारा और मिनीमाता सहित कई स्लम पुनर्वास परियोजनाएं शामिल हैं।

### शर्तों का उल्लंघन करने पर आवंटन हो सकता है निरस्त

*आवंटन की शर्तों में स्पष्ट किया गया है कि यदि हितग्राही आवास छोड़ देता है, अनधिकृत निर्माण करता है, नियमों का उल्लंघन करता है या गलत जानकारी देकर लाभ प्राप्त करता है तो नगर निगम आवंटन निरस्त कर सकता है। ऐसी स्थिति में मकान का कब्जा वापस लेने तथा नियमानुसार कार्रवाई का भी प्रावधान रखा गया है।*

### पंजीयन शुल्क हितग्राही देगा

*दस्तावेज के अनुसार प्रत्येक आवास के लिए पट्टा विलेख का पंजीयन अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ने पट्टा पंजीयन के लिए स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान की है, लेकिन पंजीयन शुल्क का भुगतान हितग्राही को स्वयं करना होगा। इसके अलावा बिजली, पानी, संपत्ति कर तथा अन्य स्थानीय करों का भुगतान भी हितग्राही के जिम्मे रहेगा।*

### प्रमुख तथ्य

*प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 कुल स्वीकृत आवासः 8,987 हितग्राही अंशदानः 1,45,000 पहली किस्तः10,000 शेष राशिः 1,35,000 मासिक किस्तः 3,750 (36 माह)आवंटन क्षेत्रः रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, बीरगांव, धमतरी और रिसालीपट्टा अवधिः 30 वर्ष, स्टाम्प शुल्कः राज्य सरकार द्वारा छूट, पंजीयन शुल्क हितग्राही देगा।*



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04



घर पर पानी में इन्हें मिलाकर करें....


## लाइव इवेंट

### कृषि विवि में ऑनलाइन यूजी काउंसिलिंग के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 20 जुलाई




**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी) एवं बी.टेक. (खाद्य प्रौद्योगिकी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संचालित ऑनलाइन यूजी काउंसिलिंग-2026 के प्रथम चरण के लिए ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026, रात्रि 11:00 बजे निर्धारित है। काउंसिलिंग में वे अभ्यर्थी पात्र हैं, जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं (भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं गणित तथा अंग्रेजी विषय सहित) उत्तीर्ण की हो तथा पी.ई.टी.-2026, जेईई-मेन्स-2026 अथवा 12वीं (गणित समूह) के आधार पर प्रवेश के इच्छुक हों। छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ अन्य राज्यों के पात्र अभ्यर्थी भी ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। अन्य राज्य के अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के प्रवेश नियम-2026 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग उपरांत उपलब्ध रिक्त सीटों के विरुद्ध 30 जुलाई को आयोजित काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

#### 30 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन

ऑनलाइन पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची 23 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी तथा 24 जुलाई से 30 जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीट आवंटन, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। अभ्यर्थी अंतिम समय की तकनीकी असुविधा से बचने के लिए अपना ऑनलाइन पंजीयन समय रहते पूर्ण करें। प्रवेश संबंधी विज्ञापन, काउंसिलिंग समय-सारणी, दिशा-निर्देश, सीटों का विवरण एवं अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.igkv.ac.in** पर उपलब्ध है।

## जेसीआई नोबल ने मधुबन फार्म हाउस में किया जोन इवेंट, 40 कपल्स से सजा प्यार का नगमा 2026

# दाम्पत्य जीवन को सहजता से जिएं और साथी की कमियों को दूर करके उन्हें बेस्ट बनाएं, सॉरी बोलने से गुरेज न करें

**दाम्पत्य जीवन को सहजता से जीने और साथी की कमियों को दूर करके उसे 'बेस्ट' बनाने का प्रयास करें। ऐसा करने से कई समस्याओं का एक साथ हल निकलेगा। इससे पार्टनर को समाज में सम्मान मिलने के साथ-साथ रिश्ते में विश्वास भी बढ़ेगा। कुछ इसी तरह के संवादों से जोन इवेंट गुलजार रहा। जेसीआई रायपुर नोबल द्वारा आयोजित ज़ोन इवेंट 'प्यार का नग़मा' को सफल बनाने में सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। इस ज़ोन स्तरीय कपल ट्रेनिंग एवं रिलेशनशिप एन्हांसमेंट समारोह में दिनभर उत्साह का माहौल रहा।**

*रायपुर। 2012 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस अनूठे प्रोग्राम में इस बार विभिन्न लोकल ऑर्गेनाइजेशन से आए 40 दंपतियों ने उत्साह से सहभागिता की। इससे पूर्व सभी चयनित प्रतिभागियों के लिए लगभग 10 घंटे की विशेष प्री-ट्रेनिंग कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें दाम्पत्य जीवन, आपसी संवाद, विश्वास और समझ को मजबूत बनाने पर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक एवं विशिष्ट अतिथियों का मार्गदर्शन पायलट फैकल्टी एवं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मिला। राजेश अग्रवाल ने प्रभावशाली और रोचक अंदाज में सभी कपल्स को खेल-खेल में जीवन की बारीकियों और सुखी दाम्पत्य के लिए कई सूत्र सिखाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि दाम्पत्य जीवन को सहजता से अगर जीने का प्रयास कपल्स करें, तो कभी भी किसी तरह का कठिन हालात रिश्ते के बीच नहीं बनेगा। कही-कहाई बातों पर पार्टनर से बहस करना जरूरी नहीं है। गलती होने पर सॉरी बोलने के गुरेज नहीं करना चाहिए, कुछ इसी तरह की जानकारी दी।*





### भविष्य के लक्ष्य तय करने का सही मार्ग दिखाया

दिल की बात में तनावमुक्ति पर आधारित संवेदनशील सत्र में पार्टनर्स ने बिना कहे एक-दूसरे की भावनाओं और मानसिक तनाव को समझने के बेहतरीन तरीके सीखे। इसके बाद हमसफ़र गाइडलाइंस में मुख्य प्रशिक्षक ने कपल्स को घर, परिवार और काम के बीच परफेक्ट बैलेंस बनाने, मिलकर भविष्य के लक्ष्य तय करने का सही मार्ग दिखाया। इसमें साझा किए गए सुखी जीवन के मूलमंत्र रहा- क्या करने का संकल्प लिया, किन बातों से दूरी बनाई, रोज एक-दूसरे की छोटी-छोटी कोशिशों की सराहना करना। पुरानी अनबन या बीती बातों को विवाद में वापस न लाना। हर दिन कम से कम 15 मिनट बिना फोन के बात करना। किसी बाहरी व्यक्ति के सामने पार्टनर की कमी न निकालना। एक-दूसरे के पर्सनल स्पेस और शौक का सम्मान करना। गुस्से में कोई बड़ा फैसला या बातचीत न करना।

### दाम्पत्य जीवन को सुखद बनाने में काम आएगा

विशेष अतिथि प्रणव लाठ जेसीआई इंडिया ने कहा कि दाम्पत्य जीवन में प्रेम, विश्वास और सम्मान के महत्व को समझना होगा। समाज में जीने और अच्छे बर्ताव के लिए नहीं, बल्कि दाम्पत्य जीवन को सुखद बनाने में काम आएगा। जोन चेयरमैन नीतू अग्रवाल की उपस्थिति ने आयोजन को खास बनाया। उन्होंने सभी प्रतिभागी जोड़ों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जीवन को जटिल बनाने की बजाय सरल बनाने पर फोकस करेंगे, तो जीवन भी आसान होगा और चुनौतियां भी कम होंगी। इसके बाद कपल्स के लिए अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए। इसमें भरोसे की डोर खास रहा। सत्र में कपल्स ने कई अनूठे टास्क पूरे किए, जिसने उनके बीच के आपसी भरोसे, सुरक्षा की भावना और गहरे तालमेल को बखूबी परखा।

### आकर्षक टाइटल्स से किया गया सम्मानित

शाम को अंतिम सत्र में सम्मान और आभार व्यक्त किया गया। लेकिन, इससे पहले विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों एवं कपल एंगेजमेंट एक्टिविटीज़ के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दंपतियों को आकर्षक टाइटल्स से सम्मानित किया गया। जेसीआई रायपुर नोबल की अध्यक्ष सुलभा पांडेय ने बताया कि 'प्यार का नग़मा' का उद्देश्य पति-पत्नी के रिश्ते को और अधिक सशक्त, सकारात्मक एवं मधुर बनाना है। इसे सफल बनाने का दायित्व सभी मेंबर्स ने निभाया। इस आयोजन के बीच हास्य-परिहास्य की स्थिति ने लोगों को बेहतर माहौल दिया।

## सिटी इवेंट

### बिंबाजी पहले मराठा शासक शिवाजी थे हिन्दुओं के राजा



**रायपुर।** हिंदवी स्वराज की स्थापना शिवाजी महाराज ने 1645 में की, लेकिन विस्तार 1674 से 1818 के बीच किया। वहीं, छत्तीसगढ़ में मराठा साम्राज्य का आगमन 1741 में नागपुर के भोंसले शासकों के सेनापति भास्कर पंत के आक्रमण से हुआ। उन्होंने रतनपुर के कलचुरी शासक रघुनाथ सिंह को हरा करके मराठा सत्ता की नींव रखी। 1758 में बिंबाजी भोंसला ने प्रत्यक्ष मराठा शासन स्थापित किया। इसके बाद यह क्षेत्र 1854 तक भोंसले राज्य का हिस्सा रहा। पेशवाओं के शासन में अंग्रेजों के साथ हुए तीसरे आंग्ल-मराठा युद्ध में हार के बाद साम्राज्य का अंत हुआ। इसके बाद ही छत्तीसगढ़ सीपी बरार कहलाया। उक्त विचार महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में 'हिंदवी स्वराज्य से साम्राज्य तक' विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन शिवाजी रायगढ़ स्मारक मंडल पुणे के कार्यवाह सुधीर थोराट ने व्यक्त किए।



#### शाहू महाराज रहे न्यायप्रिय शासक

इस बीच शाहू महाराज के शासन में मराठा साम्राज्य का विस्तार हुआ। प्रशासन को सुव्यवस्थित किया और 'पेशवा' पद की शुरुआत की। उन्होंने बालाजी विश्वनाथ और बाद में बाजीराव प्रथम को अपना पेशवा नियुक्त किया, जिनके नेतृत्व में मराठा साम्राज्य ने पूरे भारत में अपनी विजय पताका फहराई। शाहू महाराज बेहद न्यायप्रिय, दयालु और दूरदर्शी शासक थे। स्वराज के विस्तार के दौरान मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र रणनीतिक और भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण थे। पेशवा बाजीराव के नेतृत्व में मराठों ने इन क्षेत्रों में मुगल आधिपत्य को समाप्त कर 'स्वराज' का विस्तार किया, जिससे मराठा साम्राज्य उत्तर भारत में एक प्रमुख शक्ति बन गया।

#### मुगलों का पीछा करते हुए उन्हें परेशान किया

उन्होंने आगे कहा कि संभाजी महाराज के बेटे छत्रपति शाहू महाराज ने मराठा साम्राज्य के पुनरुत्थान और पेशवा कार्यप्रणाली की नींव रखी थी। उनका जीवन बेहद संघर्षपूर्ण और साहसी रहा है। संभाजी महाराज की मृत्यु के बाद शाहू महाराज और महारानी येशूबाई मुगलों के पास कैद थे। इस दौरान संभाजी महाराज के छोटे भाई राजाराम महाराज और उनकी पत्नी तारा बाई ने जिंजी से सत्ता संभाली और मुगलों का पीछा करते हुए उन्हें परेशान किया। सन 1707 में औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगलों ने मराठों में फूट डालने के लिए शाहू महाराज को रिहा किया। उस समय मराठा गद्दी पर उनकी चाची ताराबाई और बेटे का शासन था।

## गौ आश्रय में रोपेंगे पूर्वजों के नाम दो वृक्ष, शेड तीन का किया लोकार्पण

**रायपुर।** निर्माणाधीन अग्र सेवा गौशाला में रविवार को श्री नारायण अग्रवाल के सौजन्य से निर्मित आधुनिक गौ आश्रय शेड क्रमांक-3 का शुभारंभ श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। शेड का लोकार्पण दिनेश अग्रवाल द्वारा गौमाता पूजन, आरती एवं गुड़-रोटी सेवा के साथ किया गया। अग्र सेवा गौशाला में अभी 220 निराश्रित, वृद्ध एवं असहाय गौवंशों की सेवा एवं संरक्षण किया जा रहा है। नवनिर्मित शेड के प्रारंभ होने से गौमाता के लिए सुरक्षित आश्रय की क्षमता में वृद्धि होगी। संस्था का लक्ष्य चरणबद्ध रूप से लगभग 500 गौवंशों के लिए सुव्यवस्थित आश्रय उपलब्ध कराना है। इससे पहले आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार को गौशाला परिसर में बुजुर्गों एवं पूर्वजों के नाम दो वृक्ष अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया जाएगा। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, गौमाता को शुद्ध एवं शीतल वातावरण उपलब्ध कराना, पूर्वजों की स्मृति को चिरस्थायी बनाना है।



### जीवन में सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान का आधार बनेगा

अग्र सेवा सोसायटी के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सेवा और संवेदना का जीवंत स्वरूप है। समाज के परिवारों से आग्रह किया कि वे अपने प्रियजनों की स्मृति, जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, पुण्यतिथि पर गौशाला आकर गौमाता की सेवा करें। साथ ही अपनों की स्मृति में एक गौमाता की एक वर्ष की संपूर्ण सेवा का संकल्प लेकर इस पुण्य अभियान से जुड़ें। ऐसा प्रत्येक सहयोग निराश्रित गौमाता के जीवन में सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान का आधार बनेगा। नई पीढ़ी को सेवा, संस्कार और भारतीय संस्कृति से जोड़ने का माध्यम भी बनेगा। अग्र सेवा सोसायटी एवं अग्रसेवा गौशाला संचालन समिति ने नारायण अग्रवाल एवं उनके परिवार के प्रति इस प्रेरणादायी गौसेवा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## एकता और समर्पण की भावना से काम करने का लिया संकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा ने रविवार को पंजाब केसरी भवन, जोरा में एक गरिमामय सामाजिक समारोह का आयोजन किया। इसमें समाज के ऐसे लोगों का सम्मान किया गया, जो सरोकार से जुड़कर सेवा करते हुए समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। समारोह में निगम के राजस्व विभाग के अध्यक्ष अवतार सिंह बागल और एल्डरमैन मित्रसेन धीमान को शामिल किया गया। उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा के अध्यक्ष सतिंदर कोहली, महासचिव राजीव विग, कोषाध्यक्ष विकास मोदी, संरक्षक जवाहर खन्ना, उपाध्यक्ष विकास विग, नीरज सेठी, मीडिया प्रभारी रोहित अरोड़ा सहित सचिव अश्विनी विग, राजेश चतरथ, मनमोहन विग, डॉ. एस. एस. कुमार प्रमुख आयोजन में सहभागी बने। राजीव गेरा, सुशील सखूजा, सुनील जग्गी और विवेक सहानी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।



### सरोकार बढ़ाने में भी सभा की सक्रिय भूमिका

सभा के पदाधिकारियों एवं समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज केवल आयोजनों से नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, एकता और समर्पण की भावना से आगे बढ़ता है। सभा ने जिस प्रकार निरंतर समाजहित में काम किया है, वह सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने भविष्य में भी समाज एवं जनहित काम में अपना पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया। पंजाबी सनातन सभा समाज को संगठित करने, युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक उत्थान के विविध कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

## 126वीं जयंती पर 50 प्रतिभाओं और दानवीरों का मनवा कुर्मी समाज ने किया सम्मान

कार्नर न्यूज

# हमेशा प्रासंगिक रहेगा डॉ. बघेल का जीवन, छत्तीसगढ़ का विकास और सरोकार बढ़ाने किया सार्थक प्रयास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम स्वप्न दृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की 126वीं जयंती छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सामाजिक समरसता के साथ मनाई। इस कड़ी में केंद्रीय कार्यालय नरदाहा भवन में आयोजित समारोह में रविवार को 50 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाज के दानवीरों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे नवीन मार्केट में डॉ. बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए की गई। इस अवसर पर बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक, मंत्री टंकराम वर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, आरएसएस प्रांत प्रमुख टोपलाल वर्मा एवं आईएएस चंद्रकांत वर्मा ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉ. बघेल के सपनों को साकार करने का संकल्प समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने समारोह को संबोधित करते हुए दोहराया। उन्होंने कहा कि डॉ. बघेल ने एक ऐसे छत्तीसगढ़ का सपना देखा जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय सभी के लिए आसान हो।



### सम्मान के बाद दानवीरों को सराहा

स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा में मेरिट स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा समाज के उन दानवीरों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने सामाजिक के लिए काम किया है। समारोह में सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इनमें रमेश यदु अध्यक्ष सर्व छत्तीसगढ़ समाज, रमेश कश्यप, ठेठवार समाज के पहुपराम यदु, राजा निर्मलकर, माधव देवदास, दिनेश निर्मलकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, युवराज सिन्हा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज किया जा रहा आयोजन किसी समाज तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सर्व समाज का आयोजन बन गया है।

### शिक्षा के लिए सरकार हरसंभव सहयोग देगी



उन्होंने समाज द्वारा डॉ. बघेल की जयंती को सर्व समाज के साथ मनाने की परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है। युवा पीढ़ी से डॉ. बघेल के आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, डॉ. बघेल का सपना एक समृद्ध और शिक्षित छत्तीसगढ़ का था। प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर काम कर रही है। समाज द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के माध्यम से किए जा रहे शिक्षा के कार्यों को सरकार हरसंभव सहयोग देगी। आईएएस चंद्रकांत वर्मा ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि डॉ. बघेल का जीवन प्रमाण है कि यदि मनुष्य में संकल्प हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

### समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जा रहा

उन्होंने कहा डॉ. बघेल न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक कुशल चिकित्सक, समाज सुधारक और साहित्यकार भी थे। अपना जीवन उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में समर्पित कर दिया था। समाज के सभी वर्गों से डॉ. बघेल के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया और कहा कि समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर काम किया जा रहा है। इसका प्रमाण स्वामी आत्मानंद विद्या पीठ के माध्यम से हर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। केंद्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने बताया कि आरएसएस प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा ने भी डॉ. बघेल की विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए समाज को संबोधित किया।

धर्म लाइव

## फिटनेस के लिए बढ़ते कदम, स्किपिंग सीजन-2 में युवाओं ने दिखाई ऊर्जा




**रायपुर।** तेलीबांधा तालाब गार्डन में रविवार सुबह फिटनेस और खेल का अनूठा संगम देखने को मिला। स्पोर्ट्स एंथूजियास्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्किपिंग सीजन-2 में सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। एक साथ स्किपिंग करते प्रतिभागियों ने पूरे परिसर को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। आयोजन में चॉइस इंटरनेशनल मुख्य सहयोगी रहा, जिसके सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में नेशनल टीम की विशेष उपस्थिति और लाइव म्यूजिक ने प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना कर दिया। बच्चों, युवाओं और विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए फिटनेस के प्रति अपनी जागरूकता और समर्पण का परिचय दिया।

### व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल

संस्था के अध्यक्ष समीर सिंह, सचिव निलेश कटारिया और प्रवक्ता लिपि जैन ने बताया कि आज की व्यस्त जीवनशैली में स्किपिंग एक सरल, प्रभावी और कम समय में पूरे शरीर का व्यायाम कराने वाला माध्यम है, जिसे हर आयु वर्ग का व्यक्ति आसानी से अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकता है। आयोजन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम और फिटनेस को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

धर्म लाइव

## लायंस क्लब प्रेरणा की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर प्रेरणा ने वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस में स्थापना समारोह, चार्टर डे उत्सव और नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में ज़िले के पहले 20 अंतरराष्ट्रीय सदस्यों वाले लियो क्लब रायपुर प्रेरणा का भी शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एवं स्थापना अधिकारी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रिपुदमन सिंह पुसरी ने वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। लायन डॉ. संयुक्ता गांधी अध्यक्ष, नवनीत कौर ग्रेवाल सचिव, सत्येंद्र सिंह संयुक्त सचिव, डॉ. स्मिता प्रेमानंद कोषाध्यक्ष तथा मनोज शुक्ला संयुक्त कोषाध्यक्ष बने। अपने संबोधन में डॉ. संयुक्ता गांधी ने कहा कि क्लब स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं युवा सशक्तीकरण, भूख निवारण तथा सामुदायिक कल्याण से जुड़े सेवा कार्यों को प्राथमिकता देगा।

### सामाजिक सेवा के लिए किया सम्मानित

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लियो क्लब रायपुर प्रेरणा का शुभारंभ रहा। इसके प्रथम अध्यक्ष लियो सायबह एच. मुल्बाह बनाए गए। समारोह में सेवा निकेतन के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और युवा विकास से जुड़े संयुक्त सेवा प्रकल्पों की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर क्लब में पांच नए सदस्यों का स्वागत किया गया तथा 15 चिकित्सकों और 5 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके उत्कृष्ट पेशेवर योगदान और सामाजिक सेवा के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का समापन चार्टर डे केक कटिंग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रात्रिभोज के साथ हुआ।

## अग्रसेन जयंती की तैयारियां शुरू 10 अक्टूबर को निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** अग्रवाल सभा रायपुर की कार्यकारिणी बैठक रविवार को श्री अग्रसेन भवन, जवाहर नगर में आयोजित हुई। प्रचार प्रभारी योगेश अग्रवाल ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए श्री अग्रसेन जयंती की तैयारियों को लेकर विभिन्न निर्णय लिए गए। सभा ने राजेश हेलिवाल को श्री अग्रसेन जयंती का प्रभारी तथा शैलेश अग्रवाल को शोभायात्रा प्रभारी नियुक्त किया। दोनों प्रभारियों को सभा की सहमति से अपनी-अपनी टीम गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभा अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक तीन माह में सभा, महिला मंडल, युवा मंडल, युवती मंडल एवं मोहल्ला समितियों की सामाजिक गतिविधियों पर आधारित बुलेटिन प्रकाशित किया जाएगा।



### पूर्व संध्या पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

होस्टल प्रभारी प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन भवन, जवाहर नगर स्थित छात्रावास में सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। बैठक में संगठन मंत्री योगी अग्रवाल ने राजकुमार गोयल और राम अग्रवाल को सह संगठन मंत्री बनाए जाने की घोषणा की। वहीं, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने परिचय सम्मेलन के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया। कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि इस वर्ष 10 अक्टूबर को श्री अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि 11 अक्टूबर को श्री अग्रसेन जयंती मनाई जाएगी। जयंती के उपलक्ष्य में 21 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न प्रतियोगितियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

● साध्वी मंजुला श्रीजी का साधु मंडल के साथ दादाबाड़ी में हुआ मंगल प्रवेश, 1 अगस्त से 48 दिवसीय श्री सम्मेत शिखर तप

# बाल संस्कार अभियान के साथ शुरू आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास, चार महीने चलेगी धर्म, तप और संस्कारों की साधना

श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी में रविवार को चातुर्मासिक मंगल प्रवेश के साथ आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 का शुभारंभ हो गया। प्रवर्तिनी निपुणाश्रीजी महाराज साहिबा की विदुषी शिष्या एवं प्रवचन प्रभाविका पूज्य मंजुला श्रीजी महाराज साहिबा के सान्निध्य में आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। प्रातः श्री ऋषभदेव मंदिर, सदर बाजार से पूज्य मंजुला श्रीजी म.सा., मृदुयशा श्रीजी म.सा., सम्यग्निधि श्रीजी म.सा. एवं सम्यग्प्रज्ञा श्रीजी म.सा. के मंगल प्रवेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

**रायपुर।** श्रद्धालुओं के जयघोष, धर्मध्वज और भक्ति गीतों के बीच यात्रा एम.जी. रोड एवं जयस्तंभ चौक से होकर श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी पहुंची, जहां साध्वी मंडल का भावपूर्ण स्वागत किया गया। इस वर्ष आयोजित 'आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026' की थीम 'बाल संस्कार अभियान' रखी गई है। इसका उद्देश्य बच्चों में धार्मिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक संस्कारों का बीजारोपण कर उन्हें भारतीय संस्कृति और जैन दर्शन के मूल्यों से जोड़ना है। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया और कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया कि इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट, रायपुर तथा 'आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 समिति' के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।



### बच्चों को अनुशासित जीवन के संस्कार सिखाए जाएंगे

चातुर्मास के दौरान प्रत्येक रविवार को विशेष संस्कार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में बच्चों को अष्टप्रकारी पूजन की विधि, दैनिक धार्मिक दिनचर्या, माता-पिता एवं गुरु वंदन, सदाचार तथा अनुशासित जीवन के संस्कार सिखाए जाएंगे। बच्चों को नियमावली पत्रक भी वितरित किए जाएंगे तथा निर्धारित नियमों का नियमित पालन करने वाले प्रतिभागियों को समय-समय पर प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। चातुर्मास आयोजन समिति के अध्यक्ष बसंत लोढ़ा, सह-सचिव अभिषेक गोलछा एवं कोषाध्यक्ष चिंतन मालू ने बताया कि 25 जुलाई से चातुर्मास की नियमित धार्मिक, आध्यात्मिक एवं संस्कारमयी गतिविधियां प्रारंभ होंगी। पूरे चातुर्मास के दौरान प्रवचन, स्वाध्याय, आराधना, तप एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्मलाभ प्राप्त होगा। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को आत्मोत्थान और भावी पीढ़ी में संस्कार जागरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।



### सम्यक दर्शन से मिलता है चित्त की प्रसन्नता का अमूल्य उपहार

आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास के तहत आयोजित प्रवचन में पूज्य साध्वी मंजुलाश्रीजी महाराज साहिबा ने कहा कि सम्यक दर्शन की सोच अत्यंत उच्च और व्यापक होती है। सम्यक दृष्टि वाला व्यक्ति केवल अपने सुख-दुख तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दूसरों के सुख को अपना सुख और दूसरों के दुख को अपना दुख मानता है। ऐसा व्यक्ति भौतिक संसार को क्षणभंगुर समझकर उससे मोह नहीं रखता। साध्वीश्री ने एक प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि एक दंपती सत्संग के लिए जा रहा था। रास्ते में पति को हीरों का हार दिखाई दिया। उसने सोचा कि पत्नी का मन उसमें आकर्षित न हो जाए, इसलिए वह उसे मिट्टी से ढकने लगा। यह देखकर पत्नी ने मुस्कुराते हुए कहा, आप मिट्टी को मिट्टी से क्यों ढक रहे हैं? पत्नी के इस उत्तर से पति को उसकी सम्यक दृष्टि का बोध हो गया। अनादिकाल से जीव संसार में भटक रहा है, जबकि उसका अंतिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्त करना है। हालांकि, मोक्ष तक पहुंचने का पहला और महत्वपूर्ण चरण सम्यक दर्शन है। जब यह प्राप्त हो जाता है, तब समझना चाहिए कि आत्मा अपने वास्तविक लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच गई है।

### साध्वी सिद्धांत ज्योतिश्रीजी म.सा. का आज होगा भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश



श्री नाकोड़ा भैरव सोसायटी स्थित श्री विमलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में चातुर्मास की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष कमल लोढ़ा, कार्याध्यक्ष रवि डोशी तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष धनराज बैद, हर्ष बैद, नरेश कोचर और भरत सोनीगरा ने बताया कि सोमवार सुबह 8 बजे आम्रपाली गुरु मंदिर से परम पूज्य साध्वी सिद्धांत ज्योतिश्रीजी महाराज साहिबा आदि ठाणा-3 का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हीरसूरी आराधना भवन में होगा। साध्वी सिद्धांत ज्योतिश्रीजी महाराज साहिबा, मालवभूषण तपसम्राट परम पूज्य नवरत्न सागर सूरीश्वरजी महाराज साहब की शिक्षित शिष्या एवं परम पूज्य साध्वीवर्या सूर्योदयाश्रीजी की शिष्या हैं। मंगल प्रवेश के अवसर पर देश के प्रख्यात भक्ति संगीतकार त्रिलोकभाई मोदी अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगे। वहीं, श्री विमलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं श्री भैरव भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में श्री नाकोड़ा भैरव मंदिर में ध्वजा महोत्सव के उपलक्ष्य में भैरव सोसायटी सामुदायिक भवन में भव्य भक्ति संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा गुरुमंदिर में नौकारशी का आयोजन रखा गया है, जिसका लाभ चंदनमलजी- चुकीदेवी सुराणा परिवार ने लिया है। वहीं, मंगल प्रवेश के बाद आयोजित स्वामी वात्सल्य का लाभ भी सुराणा परिवार को प्राप्त होगा। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

टीम भावना रचनात्मकता और आपसी समन्वय का किया प्रदर्शन

## जोश-2026 में जुटे 1,800 से अधिक उद्यमी, व्यापार विस्तार पर मंथन

**रायपुर।** विश्व की सबसे बड़ी बिजनेस रेफरल संस्था बीएनआई, बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल के रायपुर रीजन द्वारा आयोजित वार्षिक महोत्सव जोश 2026 उत्साह, ऊर्जा और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए बीएनआई पदाधिकारियों, उद्यमियों और सदस्यों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान बीएनआई रायपुर रीजन के सभी चैप्टरों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से टीम भावना, रचनात्मकता और आपसी समन्वय का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों और चैप्टरों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर बजरंग गोयल तथा वीएनआर सीड्स के डायरेक्टर अरविंद अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए व्यवसाय में नेटवर्किंग, नेतृत्व और सकारात्मक सोच की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मजबूत व्यावसायिक संबंध ही दीर्घकालीन सफलता की आधारशिला होते हैं।



### राजनांदगांव, जगदलपुर और अंबिकापुर में भी नए चैप्टर शुरू किए जाएंगे

देश के विभिन्न बीएनआई रीजन विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा, श्रीकाकुलम-विजयनगरम, नागपुर, ओडिशा, भोपाल और सिलीगुड़ी से आए एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। बीएनआई रायपुर रीजन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स राजेश बाईस्या और स्वेता बाईस्या ने कहा कि बीएनआई केवल व्यापार बढ़ाने का मंच नहीं, बल्कि विश्वास, सहयोग और नेतृत्व विकसित करने का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने सदस्यों से अधिक रेफरल, बेहतर नेटवर्किंग और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। जोश 2026 के सफल आयोजन में चेयरपर्सन अंजलि विमोचा और मनीष अग्रवाल सहित आयोजन समिति, स्वयंसेवकों और सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की गई। बीएनआई रायपुर रीजन वर्तमान में 20 सक्रिय चैप्टरों के माध्यम से प्रदेश में 1,800 से अधिक उद्यमियों को जोड़ते हुए व्यापारिक सहयोग, नेतृत्व विकास और नेटवर्किंग को मजबूत कर रहा है। संस्था ने बताया कि जल्द ही राजनांदगांव, जगदलपुर और अंबिकापुर में भी नए चैप्टर शुरू किए जाएंगे। यह जानकारी बीएनआई रायपुर एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ के रीजनल मीडिया कोऑर्डिनेटर नरेंद्र सिन्हा ने दी।

## दो लोगों के जीवन में रोशनी लाने का संकल्प, नेत्रदान अभियान शुरू



**रायपुर।** सामाजिक संस्था 'जिन्दगी ना मिलेगी दोबारा' ने समाज में एक नई पहल करते हुए नेत्रदान महादान अभियान की शुरुआत की है। महिला सशक्तीकरण विषय पर आयोजित संगोष्ठी एवं बैठक में संस्था ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वह नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता फैलाएगी और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान से जोड़ने का अभियान चलाएगी। संस्था वर्तमान में चिकित्सा उपकरण बैंक का सफल संचालन कर रही है। अब नेत्रदान अभियान के माध्यम से दृष्टिबाधित जरूरतमंदों के जीवन में नई रोशनी लाने का संकल्प लिया गया है। यह निर्णय संस्था प्रमुख सुषमा तिवारी, सचिव ममता शर्मा और संरक्षक अजय शर्मा के नेतृत्व में लिया गया। बैठक में सलाहकार सुमन शर्मा, ममता बड़गैया, सरिता विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। संस्था ने आमजन से नेत्रदान का संकल्प लेने और अपनी इस इच्छा से परिवार के सदस्यों को अवगत कराने की अपील की।

### सार्वजनिक सम्मान करने का लिया निर्णय

संस्था के संरक्षक अजय शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा इच्छुक लोगों से नेत्रदान संकल्प-पत्र भरवाकर उनका पंजीयन कराने में भी सहयोग किया जाएगा। समाज में फैली भ्रांतियों को दूर कर वैज्ञानिक एवं सही जानकारी लोगों तक पहुंचाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य रहेगा। संस्था ने नेत्रदान करने वाले परिवारों का सार्वजनिक सम्मान करने का भी निर्णय लिया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस महादान के लिए प्रेरित हो सकें। संस्था का मानना है कि इस पहल से समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक जरूरतमंदों को नई रोशनी मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

देशभर के जुटे 350 विशेषज्ञ - आधुनिक उपचार तकनीकों और शीघ्र निदान पर मंथन

# विशेषज्ञों ने साझा किए कैंसर उपचार के नए आयाम, समय रहते लक्षणों की पहचान को बताया उपचार की सफलता

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मित्तल हॉस्पिटल की ओर से लंग एवं हेड-एंड-नेक कैंसर विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां प्रदेश सहित देशभर से आए करीब 350 कैंसर विशेषज्ञों और चिकित्सकों ने इसमें भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए और कैंसर उपचार की नवीनतम वैज्ञानिक जानकारियों पर चर्चा की। सम्मेलन का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है, ताकि आर्थिक कारणों से कोई भी मरीज उपचार से वंचित न रहे। उन्होंने ऐसे वैज्ञानिक आयोजनों को चिकित्सा क्षेत्र में ज्ञानवर्धन और नई तकनीकों के आदान-प्रदान के लिए महत्वपूर्ण बताया। सम्मेलन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए), ईएनटी विशेषज्ञों तथा चेस्ट स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की विभिन्न संस्थाओं का सक्रिय सहयोग रहा।






### मुंह और गले के कैंसर से छुटकारा पाने दिए व्याख्यान



सम्मेलन में मुंबई, कोलकाता और अहमदाबाद सहित देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञों ने फेफड़ों, मुंह और गले के कैंसर के निदान, आधुनिक सर्जरी, रेडिएशन, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी तथा मल्टीडिसिप्लिनरी उपचार पद्धति जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए। इसके अलावा पैनल डिस्कशन और केस आधारित चर्चाओं के माध्यम से जटिल मरीजों के उपचार से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

### तेजी से बढ़ रहा फेफड़ों का कैंसर

मित्तल हॉस्पिटल की कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सुमन मित्तल ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सकों को कैंसर के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधान, आधुनिक उपचार तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों से अवगत कराना था। उन्होंने कहा कि भारत में विशेष रूप से मुंह, गले और फेफड़ों के कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में सामान्य चिकित्सकों, दंत चिकित्सकों, ईएनटी विशेषज्ञों और चेस्ट स्पेशलिस्टों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि अधिकांश मरीज सबसे पहले इन्हीं के पास पहुंचते हैं। यदि शुरुआती लक्षणों की समय रहते पहचान कर मरीज को शीघ्र कैंसर विशेषज्ञ के पास भेज दिया जाए, तो प्रारंभिक अवस्था में रोग का निदान संभव है और उपचार की सफलता की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक सम्मेलन केवल चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका उद्देश्य मरीजों को समय पर सुलभ, साक्ष्य-आधारित और गुणवत्तापूर्ण कैंसर उपचार उपलब्ध कराना है। जागरूकता, शीघ्र निदान, विशेषज्ञों के बीच समन्वय और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का प्रभावी उपयोग ही कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# अब महंगाई राहत के लिए दूसरे राज्य की सहमति जरूरी नहीं, पेंशनरों को मिलेगा समय पर लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत प्रदान किए जाने की वर्तमान पारस्परिक सहमति की व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए प्रशासनिक सुगमता एवं पेंशनरों के हित में महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, अब महंगाई राहत घोषित करने के लिए दूसरे राज्य की सहमति प्राप्त करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। साथ ही पेंशनरों को देय महंगाई राहत में वृद्धि के लिए विधायी संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी तथा दोनों राज्य सीधे कार्यकारी आदेश जारी करेंगे। महंगाई राहत में वृद्धि से संबंधित वित्तीय भार की जानकारी दोनों राज्य एक-दूसरे को पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे तथा कोई भी राज्य केंद्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई राहत की दर से अधिक दर घोषित नहीं करेगा। यह आदेश डॉ. रोहित यादव, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग तथा मनीष रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**खास बातें**

- पेंशनरों के हित में महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया गया
- पेंशनरों को देय महंगाई राहत में वृद्धि के लिए विधायी संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी

### फेडरेशन ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का जताया आभार




#### अनावश्यक प्रशासनिक बाधा समाप्त हो जाएगी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा एवं पेंशनर्स फोरम के संयोजक बीपी शर्मा ने कहा कि नए निर्णय से छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के लाखों पेंशनरों को समय पर महंगाई राहत मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा तथा वर्षों से चली आ रही अनावश्यक प्रशासनिक बाधा समाप्त हो जाएगी। फेडरेशन एवं पेंशनर्स फोरम ने पेंशनरों के हित में लिए गए इस ऐतिहासिक एवं सराहनीय निर्णय के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## खबर संक्षेप



### सीएचसी खोखो पारा में नया ऑपरेशन थियेटर

**रायपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोखोपारा में आने वाले जरूरतमंद मरीजों को अब नए ऑपरेशन थियेटर की सुविधा मिलेगी। सीएचसी के प्रभारी डॉ. सुब्रत सिंह ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर के जरिए क्षेत्र के लोगों सी-सेक्शन, अपेंडिक्स, हार्निया, हाइड्रोसिल एवं अन्य तरह की छोटी सर्जरी की सुविधा निशुल्क रूप से मिलेगी। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर तैयार इस ओटी का उद्घाटन क्षेत्र के वार्ड पार्षद एवं जोन 5 के अध्यक्ष अंबर अग्रवाल ने किया।

### कंप्यूटेशनल थिंकिंग-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला



**रायपुर।** कंप्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सीबीएसई जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप नवीन शैक्षणिक प्रथाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रमुख सीबीएसई स्कूलों के शिक्षक एक साथ आए। कार्यशाला का आयोजन आदर्श विद्यालय, मोवा की प्रधानाचार्य और सीबीएसई जिला प्रशिक्षण समन्वयक सबिता चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हार्दिक ठक्कर, मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग के शोधकर्ता एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गुरुदत्त वर्मा ने उपस्थिति दर्ज कराई और विशिष्ट जजों के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

## निधन

### करुणा पांडेय



**रायपुर।** सुंदरनगर निवासी करुणा पाण्डेय का 19 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे महासमुंद वाले स्व. डॉ. आरपी पाण्डेय की पत्नी और कांग्रेस विधायक दल के सचिव अमित पाण्डेय, आशीष पांडेय और अनुश्री तिवारी की माता थीं।

### उत्तम वर्मा



**रायपुर।** भिलाई निवासी उत्तम वर्मा का 19 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

## नीट का रिजल्ट जारी होने के बाद शुरू हुई एमबीबीएस एडमिशन की सुगबुगाहट

# सीटें बढ़ीं, पर सरकारी कालेजों में एडमिशन टफ...जेएनएम में यूआर कोटे से प्रवेश के लिए जरूरत 21 हजार रैंक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नीट-2026 का परिणाम घोषित होने के बाद एमबीबीएस के लिए मेडिकल कालेजों में एडमिशन की सुगबुगाहट बढ़ गई है। भले ही राज्य में मेडिकल कालेजों की संख्या बढ़कर 15 और सीटों की क्षमता 2675 हो गई है, मगर पुराने और बड़े शासकीय कालेजों में एडमिशन पाना काफी मुश्किल भरा है। राज्य के सबसे बड़े जेएनएम मेडिकल कालेज में यूआर केटेगरी के 19 से 21 हजार तक रैंक लाने वालों को सीट मिलने की संभावना है। नीट के परीक्षा परिणाम आने के बाद सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थी प्रवेश के लिए बेहतर कालेज की संभावना तलाशने लगे हैं। राज्य में एडमिशन की प्रक्रिया स्थानीय मेरिट लिस्ट की सीडी मिलने के बाद संभवतः अगस्त से प्रारंभ होने के आसार हैं। राज्य में इस बार एमबीबीएस की कुल 595 सीटें बढ़ी हैं। इनमें सरकारी सीटों की संख्या 345 है, विद्यार्थियों के पास एडमिशन के लिए पांच कालेजों का विकल्प भी होगा। इसके बाद भी राज्य के पुराने और बड़े शासकीय मेडिकल कालेज एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। यहां एडमिशन का मौका भी उन्हें मिल पाएगा, जिन्होंने परीक्षा में ज्यादा मेहनत कर सफलता हासिल की है। शासकीय कालेजों में सबसे ज्यादा डिमांड पं. जेएनएम मेडिकल कालेज रायपुर की होती है। यहां यूआर केटेगरी से प्रवेश के लिए 19 से 21 हजार तक रैंकिंग वालों को ही मौका मिल पाएगा। इसी तरह सिम्स बिलासपुर समेत अन्य कालेजों में सामान्य वर्ग कोटे से 29500 से 82000 रैंकिंग वालों को सीटें मिलने की गुंजाइश है।

- इस बार 15 शासकीय मेडिकल कालेजों में प्रवेश, क्षमता बढ़कर 2675 सीटों की हो गई

### अब 6 प्रायवेट कालेज,1200 सीटें

काउंसिलिंग शुरू होने के पहले राज्य में प्रायवेट मेडिकल कालेजों की संख्या 6 हो गई है। रायपुर में बालाजी ग्रुप के मां पद्मावती को एमबीबीएस की 100 सीटों की मान्यता मिली है। इसके अलावा रिम्स में 100, अभिषेक मिश्रा मेमोरियल और रावतपुरा मेडिकल कालेज में 50-50 सीट बढ़ी हैं। इन्हें मिलाकर निजी कालेजों में एमबीबीएस की 12 सौ सीटें हो गई हैं। शासकीय में जगदलपुर में 25 और रायपुर कालेज में 20 सीटें बढ़ी हैं।




### ऐसी होगी शासकीय कालेजों में संभावित रैंकिंग

| कालेज | यूआर | ओबीसी | ईडब्लूएस | एससी | एसटी |
|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर - | 19000-21000, | 28000-30000, | 60000-62500, | 104000-106000, | 260000-264000 |
| बिलासपुर - | 29500-31500, | 39000-41000, | 82000-84500, | 137000-200000, | 300000-30400 |
| राजनांदगांव - | 39500-41500 | 39000-41000 | 94000-96500 | 155000-158000 | 335000-339000 |
| जगदलपुर - | 47000-49000 | 55500-57500, | 111000-113500 | 158000- 161000 | 345000-349000 |
| रायगढ़ - | 56300-58300 | 63500-65500 | 121500-124000 | 180000- 183000 | 377500-380500 |
| अंबिकापुर - | 59000-61000 | 64500-67000 | 117000-119500 | 188000-191000 | 373000-377000 |
| दुर्ग - | 66000-68000 | 72000-74000 | 133000- 135500 | 192000-195000 | 399000-403000 |
| कोरबा - | 72000-74000 | 78000-80000 | 146000-148500 | 200000-205000 | 408000-412000 |
| महासमुंद - | 77000-79000 | 81000-83000 | 149000-151500 | 210000-215000 | 415000-418000 |
| कांकेर - | 80000-82000 | 83500-85000 | 152000-153000 | 216000-218000 | 420000-425000 |

### काउंसिलिंग ट्रेंड एवं कटऑफ का विश्लेषण

यह विश्लेषण पिछले वर्षों के काउंसिलिंग ट्रेंड एवं कटऑफ के आधार पर किया गया है। इससे विद्यार्थी अपने संभावित रैंक के आधार पर इस बात अंदाजा लगा सकते हैं कि उन्हें किस सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिल सकता है। इससे काउंसिलिंग के दौरान विद्यार्थियों को कॉलेज का विकल्प चुनने में सहायता मिलेगी।

**- कुणाल सिंह,** एकेडमिक हेड एलन केरियर इंस्टीट्यूट प्रा. लिमि.

## सोनम के समर्थन में जुटे युवा, सामाजिक संगठनों का भी समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा व्यवस्था में सुधार सहित अन्य मांगों को लेकर दिल्ली में जारी सोनम वांगचुक की हड़ताल के बीच रायपुर में भी युवा उनके समर्थन में उतरे। रविवार डॉ.भीमराव आंबेडकर चौक में बड़ी संख्या में छात्र और युवा पहुंचे। उन्होंने सोनम के पक्ष में नारे लगाते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की। इस प्रदर्शन को विभिन्न सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिला। बारिश के बीच 100 से अधिक लोग यहां एकत्र हुए। वे अपने हाथों में बैनर-पोस्टर लिए थे। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। किसी तरह के बल प्रयोग की स्थिति निर्मित नहीं हुई।

- छात्रों ने की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग

### दिल्ली में पुलिस कार्रवाई का विरोध

सोनम का समर्थन करने के साथ ही युवाओं ने दिल्ली में हुई पुलिस कार्रवाई पर भी विरोध जताया। छात्रों ने कहा, पेपर लीक की किसी भी घटना के सामने आने के बाद शासन द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जाता है। अब ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी प्रदर्शनकारियों ने की। प्रदर्शनके बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

## पंजीयन एवं मुद्रांक अधिकारी-कर्मचारी संघ : श्रीवास दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पंजीयन एवं मुद्रांक अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर विरेंद्र कुमार श्रीवास पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। यह चुनाव संघ के वार्षिक अधिवेशन में हुआ। अधिवेशन में प्रदेशभर से आए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जहां सांगठनिक मजबूती, वेतन विसंगति और तकनीकी समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया।



अधिवेशन में प्रदेशभर से जुटे सदस्यों ने एक सुर में कहा कि वित्त एवं पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी के कुशल नेतृत्व में विभाग में पिछले ढाई वर्षों की अल्पावधि में जनता के हित में इतने क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, जो पिछले 50 सालों में नहीं हुए थे। पंजीयन विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों ने इन परिवर्तनों को पूरे समर्पण के साथ क्रियान्वित किया, फलीभूत किया और आत्मसात किया है।

- वार्षिक अधिवेशन में प्रदेशभर के अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

### ...लेकिन नाराजगी बाकी

संघ के सदस्यों ने इस बात पर गहरा आक्रोश और दुख भी व्यक्त किया कि रजिस्ट्री विभाग एकमात्र ऐसा शासकीय विभाग है, जहां इतने महत्वपूर्ण वैधानिक काम को रोजाना तुरंत पूरा किया जाता है। मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री की मंशानुरूप क्रेता के हक में विक्रय विलेख (सेल डीड) का तुरंत नामांतरण (म्यूटेशन) भी किया जा रहा है। इसके बावजूद पंजीयन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की 50 सालों से लंबित जायज मांगों पर शासन-प्रशासन स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

### तकनीकी समस्याओं के कारण झेलना पड़ रहा जनाक्रोश

कर्मचारियों ने अधिवेशन में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया कि एनआईसी द्वारा सॉफ्टवेयर व सर्वर की तकनीकी समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं किया जाता। सर्वर डाउन रहने या तकनीकी कमियों के कारण पंजीयन कार्य प्रभावित होता है, जिसकी वजह से मैदानी स्तर पर पदस्थ पंजीयन अधिकारियों को अकारण ही जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ता है। संघ ने मांग की है कि एनआईसी की इन तकनीकी खामियों को तुरंत दुरुस्त किया जाए।



## नार्थ जोन के थाना क्षेत्र में पुलिस का चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नार्थ जोन के अलग-अलग थाना क्षेत्र के संवेदनसील स्थानों में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर 80 लोगों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में कार्रवाई की है। कार्रवाई डीसीपी दीपमाला कश्यप के निर्देश पर की गई। पुलिस ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर नियंत्रण तथा असामाजिक तथा आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने चेकिंग अभियान चलाया।

चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने 32 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 18 पर आबकारी तथा एक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। 29 व्यक्तियों को बाउंडओवर किया गया। डीसीपी तथा अन्य पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारियों के साथ पैदल गश्त पर निकलीं। इस दौरान पुलिस ने आम लोगों के साथ कारोबारियों से संवाद कर किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि मिलने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने अपील की।

- 80 के खिलाफ कार्रवाई, संवेदनशील क्षेत्र में पैदल गश्त

### पुलिस के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर

चेकिंग के दौरान पुलिस को गुढ़ियारी छोर की तरफ रेलवे स्टेशन के पास एक युवक के पास गांजा होने की सूचना मिली। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दौलत सहारे को पकड़कर उसकी बोरी की जांच की। जांच में बोरी के अंदर 10.350 किलो गांजा मिला। उसके खिलाफ पूर्व में जुआ, आबकारी तथा नारकोटिक्स एक्ट के आधा दर्जन प्रकरण दर्ज हैं।

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक-2026 का चैंबर ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक-2026 के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान किए जाने का स्वागत किया है। चैंबर ने इसे प्रदेश में निवेश, उद्योग, व्यापार एवं आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करने वाला दूरदर्शी निर्णय बताया है।



चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय छत्तीसगढ़ को उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला सिद्ध होगा। इस प्रकार का विधेयक लागू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय होने के साथ-साथ निवेश-अनुकूल वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डीम्ड परमिशन, स्व-प्रमाणीकरण, तृतीय-पक्ष सत्यापन, जोखिम-आधारित निरीक्षण तथा प्रक्रियाओं के सरलीकरण जैसे प्रावधान प्रदेश में निवेश को और अधिक आकर्षक बनाएंगे तथा उद्यमियों के लिए व्यवसाय स्थापित एवं संचालित करना पहले की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक के प्रभावी क्रियान्वयन से घरेलू एवं बाह्य निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नए उद्योगों की स्थापना को गति मिलेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों सहित सभी वर्गों के उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

- विधेयक से निवेश, उद्योग और रोजगार को मिलेगी नई गति : थौरानी


### आपसी विवाद में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के संतोषी नगर में आपसी रंजिश को लेकर 25 वर्षीय युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। युवक को गंभीर हालत में आंबेडकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जुलेखा बेगम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका बेटा शेख वारिश शुक्रवार रात 10.30 बजे अपने दोस्त मधुसूदन के साथ ताजनगर से लौट रहा था। दोनों जब श्रीराम मैदान स्थित सुलभ शौचालय के पास पहुंचे, तभी वहां पहले से मौजूद चंदन ठाकुर, रमजान और भोला ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके बेटे को रोककर मारपीट की और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### डॉ खूबचंद बघेल को जयंती अवसर पर किया नमन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रणेता व प्रथम दृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती अवसर पर नगर निगम के संस्कृति विभाग ने राजधानी में आयोजन किया। फूल चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने डॉ. खूबचंद बघेल को नमन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक धरमलाल कौशिक, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, नगर निगम जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, ब्राह्मणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू, एल्डरमैन राजू राघवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हैथवे ने जाहिर की खुशी, कहा-जब तक उम्मीद खत्म नहीं हो जाती...

हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे तीसरी बार मां बनने वाली हैं। उन्होंने तीसरी बार प्रेग्नेंसी के बारे में खुल कर बात की है। उन्होंने इस मामले को लेकर अपनी खुशी का इजहार किया है।



हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे ने 43 साल की उम्र में अपनी प्रेग्नेंसी के इमोशनल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें और उनके पति एडम शुल्मन को तीसरे बच्चे के बारे में पता चलने से पहले प्रेग्नेंसी की बहुत कम उम्मीद थी। 'द ओडिसी' के न्यूयॉर्क में प्रीमियर के दौरान हैथवे ने बताया कि क्यों उन्होंने हाल ही में एक शो में अपनी प्रेग्नेंसी को आखिरी पल में मिली सफलता कहा था।

द पीपल मैगजीन हैथवे ने कहा 'जब तक उम्मीद खत्म नहीं हो जाती, तब तक उम्मीद बनी रहती है, लेकिन जब आप एक खास उम्र में पहुंच जाते हैं, तो वह उम्मीद 1 से 2 प्रतिशत जैसी लगती है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमने बस यह देखने का फैसला किया कि जिंदगी हमें कहां ले जाती है। हमने असलियत पर आधारित उम्मीद की, जो कि बहुत कम थी।'

ऑस्कर जीतने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि वह और उनका परिवार इस प्रेग्नेंसी के लिए बहुत शुक्रगुजार हैं। हैथवे ने कहा 'हम बहुत खुश हैं क्योंकि हम अपने निजी अनुभव से जानते हैं कि हर किसी को यह मौका नहीं मिलता। खासकर तब नहीं जब आप इसे चाहते हैं। कभी-कभी तो यह मौका कभी नहीं मिलता।' प्रेग्नेंसी को आशीर्वाद बताते हुए उन्होंने कहा कि वह और शुल्मन एक और बच्चे का स्वागत करने के मौके को हल्के में नहीं लेते हैं।

### टॉलीवुड

## नितांशी गोयल ने पूरी की 'तक्षाकुड़' की शूटिंग, सेट से साझा की तस्वीरें

नितांशी गोयल ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'तक्षाकुड़' को लेकर अपडेट दी है। उन्होंने सेट से कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने एक बेहतरीन नोट लिखा है। फिल्म 'लापता लेडीज' फेम नितांशी गोयल अपनी अपकमिंग फिल्म 'तक्षाकुड़' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने सेट से कई बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। नितांशी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह दुल्हन की तरह सजी हैं। एक दूसरी तस्वीर में वह कुत्ते के सिर से अपना सिर लगा रही हैं। एक और तस्वीर में वह आनंद देवरकोंडा के साथ पोज दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह फिल्म की टीम के साथ नजर आ रही हैं।



तस्वीरें शेयर करते हुए नितांशी ने लिखा 'तक्षकुड़ की शूटिंग पूरी कर ली है। यह सफर बहुत अच्छा रहा। सेट पर हर दिन मैंने कुछ ऐसा सीखा जिसे अपने घर ले जा सकूं। बहुत अच्छी यादें बनाईं। बहुत अच्छे लोग मिले। एक ऐसी भाषा सीखी, जिससे प्यार हो जाए। फिल्म में अपने किरदार के बहुत पास रहूंगी।

आपको बता दें कि निताशीं गोयल की अपकमिंग फिल्म 'तक्षाकुड़' नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें वह 'करुणा' नाम की एक लड़की का किरदार निभा रही हैं। इसमें उनके साथ आनंद देवरकोंड़ा हैं। इसके निर्देशक विनोट अनंतोजु हैं।

### भोजपुरी

## कैमरे से महिलाओं को दिखाने के तौर-तरीकों पर निरहुआ- अच्छा और बुरा काम हर जगह

भोजपुरी एक्टर और नेता दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने भोजपुरी सिनेमा में महिलाओं को वस्तु की तरह दिखाने और अश्लील कंटेंट को लेकर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा है- कुछ प्रोजेक्ट के आधार पर पूरी फिल्म इंडस्ट्री को आंकना गलत।



भोजपुरी एक्टर और नेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने भोजपुरी सिनेमा को लेकर लंबे समय से हो रही आलोचनाओं पर अपनी बात रखी है। आलोचकों ने भोजपुरी सिनेमा में महिलाओं को वस्तु की तरह दिखाने और अश्लील कंटेंट को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए हैं। इस पर निरहुआ ने कहा कि कुछ प्रोजेक्ट के आधार पर पूरी फिल्म इंडस्ट्री को आंकना गलत है।

निरहुआ ने कहा कि हर रीजनल और नैशनल फिल्म इंडस्ट्री अलग-अलग तरह का कंटेंट बनाती है और सिर्फ भोजपुरी सिनेमा को ही अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री में हर तरह की फिल्में और हर तरह का कंटेंट बनता है जैसे बॉलीवुड, साउथ इंडियन सिनेमा, भोजपुरी सिनेमा और मराठी सिनेमा हैं। वैसे ही हर इंडस्ट्री दर्शकों के हर वर्ग की पसंद का ध्यान रखती है।'

भोजपुरी फिल्मों में ज्यादातर आपत्तिजनक कंटेंट होने के सवाल पर निरहुआ ने कहा, 'जब हम सिर्फ एक खास तरह के काम को ही दिखाते हैं तो ऐसा लगने लगता है कि वहां बस वैसा ही काम हो रहा है। यह सच नहीं है। अच्छा और बुरा काम हर जगह होता है।'

एक्टर ने इस बात पर भी जोर दिया कि कमियां हर इंडस्ट्री में होती हैं और उन्हें पूरी इंडस्ट्री की पहचान नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं एक बहुत अच्छी बात कहूंगा, 'लाख बुराइयां सबमें होती हैं। कोई भी इंसान कमियों से परे नहीं होता। ऐसा कोई बाग दिखा दीजिए जहां गुलाब में कांटे न हों।

### अमित की पसंद




> मशहूर फैशन डिजाइनर अमित अग्रवाल को किसी दायरे में बांधा नहीं जा सकता और वो किसी दौड़ में शामिल होने वालों में से नहीं हैं। यहां तक कि वे खुद से या अपने पिछले कलेक्शन से भी प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। स्क्रैप यार्ड या हार्डवेयर स्टोर में मिली सामग्री से पहनावा तैयार करने के लिए जाने जाने वाले इस फैशन डिजाइनर ने बिल्कुल नए लेवल का कलेक्शन पेश किया है।

## हर दिन फाउंडेशन लगाना पड़ सकता है स्किन पर भारी

आज के समय में महिलाओं से लेकर पुरुष भी चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं। इसके लाभ तो हर कोई जानता है, हम आपको इसके नुकसान बताएंगे। सही से मेकअप करने से न सिर्फ चेहरा खूबसूरत बनता है बल्कि इस कारण आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसी वजह से आज के समय में न सिर्फ महिलाएं बल्कि पुरुष भी प्रतिदिन मेकअप का इस्तेमाल करते हैं। इससे चेहरे की कमियां छिप जाती हैं और चेहरा खिल जाता है।

मेकअप के अहम प्रोडक्ट्स की बात करें तो फाउंडेशन को सबसे खास माना है। इसे लोग अपनी-अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदते हैं। ये चेहरे पर अच्छा बेस तैयार करता है। पर, क्या आप जानते हैं कि यही फाउंडेशन आपके चेहरे को काफी हद तक नुकसान पहुंचा सकता है। जी हां, फाउंडेशन मेकअप का जरूरी हिस्सा है, लेकिन इसे लंबे समय तक और रोज़ाना इस्तेमाल करने से त्वचा को कुछ नुकसान हो सकता है। खासकर अगर आप गलत प्रोडक्ट या बिना स्किन केयर के इस्तेमाल करें।



### पोर्स होंगे ब्लॉक

अगर आप प्रतिदिन चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे स्किन के पोर्स धीरे-धीरे बंद होने लगते हैं। जिसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स और ब्लैकहेड्स हो सकते हैं। कई बार तो इसकी वजह मुंहासों की समस्या काफी ज्यादा बढ़ भी जाती है, जो काफी दिक्कत देती है।

### एलर्जी और रैशेज

यदि आप सस्ते और लोकल फाउंडेशन का इस्तेमाल हर दिन अपने चेहरे पर कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि कुछ फाउंडेशन में मौजूद केमिकल्स से एलर्जी, खुजली या रैश हो सकते हैं। ये दिक्कत सबसे ज्यादा उन लोगों को होती है, जिनकी त्वचा संवेदनशील त्वचा वालों को होता है।

### स्किन का संतुलन बिगड़ेगा

सस्ता फाउंडेशन हर दिन इस्तेमाल कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि इसकी वजह से स्किन की नमी कम हो सकती है। कई मामलों में देखा गया है कि ज्यादा फाउंडेशन के इस्तेमाल से स्किन पर अतिरिक्त तेल भी जमने लगता है, जो आगे जाकर मुंहासों का कारण बनता है।

### त्वचा की प्राकृतिक चमक कम होना

हर दिन भारी मात्रा में फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से चेहरे की चमक धीरे-धीरे कम होने लगती है। खासतौर पर अगर आप नियमित रूप से चेहरे पर किसी सस्ते से फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसकी वजह से आपका चेहरा डल होने लगता है।

### कम उम्र में एजिंग की शुरुआत

फाउंडेशन को सही से न हटाने की वजह से भी आपको एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## चार चांद लगाएंगे कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा के न्यू डिजाइंस



अगर आप किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप कुर्ता और चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकते हैं। यह आपके लुक को ब्यूटीफुल टच देगा, साथ ही इसे पहनने के बाद आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगे। हर खास मौके पर ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए मेंस फैशन में पुरुष बेस्ट आउटफिट का चुनाव करते हैं। लेकिन, अगर आप अपने लुक को न्यू ट्विस्ट देना चाहते हैं, तो कुर्ता और चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकते हैं। इस तरह का आउटफिट न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बढ़िया ऑप्शन है, और इसे आप ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए कई खास मौकों पर स्टाइल किया जा सकता है। यह आउटफिट हर उम्र और बॉडी टाइप पर जंचेगा, और इसमें आप सुंदर व भीड़ से अलग नजर आएंगे। आपको कुछ नए डिजाइंस वाले कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा देखना चाहिए। साथ ही, इन्हें स्टाइल करने की टिप्स भी जानना चाहिए। इस तरह का आउटफिट आप कई खास मौकों पर स्टाइल कर सकते हैं, और इसमें आपका लुक बेहद सुंदर नजर आएगा।





### फ्लोरल प्रिंट कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा

अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल हो रहे हैं और इस दौरान स्टाइलिश लुक चाहते हैं, तो आप फ्लोरल प्रिंट कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा स्टाइल कर सकते हैं। यह आउटफिट फ्लोरल प्रिंट में आता है और इसमें आपका लुक अलग और सुंदर नजर आएगा। इस आउटफिट को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी लगभग 1500 से 3000 रुपये की कीमत में कई सारे ऑप्शन के साथ आसानी से पा सकते हैं। इस आउटफिट के साथ आप फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकते हैं। अगर आप किसी फंक्शन में शामिल हो रहे हैं और इस दौरान भीड़ से अलग नजर आना चाहते हैं, तो आप कलर ब्लॉक कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकते हैं। यह आउटफिट आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा और इसे स्टाइल करने के बाद आप अलग नजर आएंगे।

## घर पर पानी में इन्हें मिलाकर करें पेडिक्योर

यदि आपको भी पार्लर में जाकर हर बार पेडिक्योर कराने के लिए सोचना पड़ता है और आपको जाने में आलस भी आता है तो आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में जरूर जानना चाहिए जिसे आप पानी में मिक्स करके घर पर ही पार्लर जैसी चमक वाला पेडिक्योर कर सकती हैं। यदि आप घर पर ही पैरों में पेडिक्योर करके पार्लर जैसा ग्लो पाना चाहती हैं, तो आपको बस दो चीजों को पानी में मिक्स करके अपने पैरों को कुछ देर डालना है।



### पेडिक्योर करने का तरीका

इसके लिए आपको सबसे पहले पानी को गर्म कर लेना है। अब इस पानी में आपको शैंपू डालकर मिक्स करना है। इसके साथ ही आप पानी में नींबू और शहद भी डालकर मिक्स करें। अब आप इसमें थोड़ा ग्लिसरीन डालकर मिलाएं। इसके बाद आपको इस पानी में अपने पैरों को करीब 10 मिनट तक डुबोकर रखना है। अब आप पैरों को निकालकर ब्रश की मदद से डेड स्किन को हटाएं। इसके बाद करीब 5 मिनट तक पैरों को फिर उसी पानी में डालें। अब पैरों को पानी से बाहर निकालकर तौलिया से पोंछें। इसके बाद आप पैरों पर क्रीम से मालिश करें। आप देखेंगी आपके पैरों की स्किन काफी चमकदार हो जाएगी। और डेड स्किन भी इस हट जाएगी। साथ ही, आपके पार्लर जाने जा झंझट और पैसे भी बच जाएंगे। मैंने खुद घर पर इन तीन चीजों की मदद से अपने पैरों की स्किन को चमकदार बनाया है।

## मानसून में बालों की चमक ऐसे रहेगी बरकरार, अपनाएं कुछ जरूरी टिप्स

बारिश के मौसम में अक्सर बाल ड्राई और डैंड्रफ की वजह से खराब नजर आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप सही हेयर केयर टिप्स का ध्यान रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि सही टिप्स की मदद से ही आप बालों को सिल्की बना सकती हैं।

बारिश के मौसम में करें माइल्ड शैंपू का इस्तेमाल

आप अपने बालों वो हेल्दी रखने के लिए मानसून में माइल्ड शैंपू का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि बारिश में स्कैल्प पर सबसे ज्यादा पसीना और धूल जमा हो जाती है। इसलिए माइल्ड शैंपू से बाल ज्यादा चिपचिपे भी नहीं होते हैं। साथ ही, इससे गंदगी भी साफ रहती है। इसे लगाने से आपके बालों में से एक्सट्रा ऑयल साफ हो जाता है और नेचुरल ऑयल की वजर से बाल सिल्की नजर आते हैं।



### सिल्की बालों के लिए लगाएं हेयर मास्क

आप अगर बालों को बारिश के मौसम में सिल्की रखना चाहती हैं, तो ऐसे में आप नेचुरली घर पर रखी चीजों से बने हेयर मास्क को अप्लाई करें। इसके लिए दही, शहद और एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक हेयर मास्क बनाएं। इसे हफ्ते में 1 बार बालों में अप्लाई करें। इसे लगाने से बालों में नेचुरली शाइन आएगी। साथ ही, बाल फ्रिजी नजर नहीं आएंगे।

### टूल्स का न करें ज्यादा इस्तेमाल

आप बालों को सिल्की रखना चाहते हैं तो मानसून सीजन में हीट स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल कम करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके बाल ड्राई हो सकते हैं। साथ ही, उनकी नेचुरली नमी कम हो सकती है। ऐसे में ज्यादातर बाल दोमुंहे और ड्राई होते नजर आएंगे।

### कार्नर न्यूज

### चेहरे की चमक के लिए जरूरी है फेशियल मसाज

## मेंस फैशन से पहले फेशियल मसाज के हैं कई फायदे, चेहरे पर छा जाएगी अलग रौनक

लंबे समय तक जवान और चमकदार दिखने के लिए, प्रीमियम स्किन केयर प्रोडक्ट्स के उपयोग के बारे में बहुत कुछ लिखा और कहा गया है। लेकिन, फेशियल केयर के लिए सख्त रूटीन पर बिल्कुल भी जोर नहीं दिया जाता है।

लेकिन, जो कोई भी एक्टिव रूप से अपनी स्किन की देखभाल करता है, उसे पता होगा कि यह केवल सतह पर आपके द्वारा की जाने वाली चीजें नहीं है, बल्कि वे भी हैं जो अंदर से बाहर की ओर काम करती हैं। सुंदरता जितनी बाहरी है उतनी ही आंतरिक प्रक्रिया होती है।

अगर आपको यही पसंद है तो सीरम और स्लीपिंग मास्क खरीदना भी जरूरी है, लेकिन यह न भूलें कि खुद को हाइड्रेट रखने और आपकी त्वचा के टिश्यू में रक्त के संचार को बढ़ाने जैसी बुनियादी आदतें, आपके स्किन केयर रूटीन गेम को बहुत आगे बढ़ा सकती हैं।

हर दिन कम से कम आठ गिलास पानी पीने से पहले भी स्किन की देखभाल की जा सकती है, जबकि बाद वाले में नियमित रूप से अपने चेहरे की मालिश करके पूरा किया जाता है।



हां, मसाज न केवल आपके हाथों और पैरों में, बल्कि आपकी फेशियल मसल्स में जकड़न को दूर करने के लिए एक प्रभावी वर्कआउट है। कुछ लोग इसे अपनी उंगलियों से करते हैं, जबकि अन्य कुछ लोग गुआ शा जैसे उपकरणों का उपयोग करते हैं। आप जो कुछ भी करेंगे, परिणाम आपको दिखाई देगा। इस आर्टिकल में हम आपको शेविंग के बाद फेशियल मसाज करने के 5 फायदों के बारे में जानकारी देंगे। इन फायदों के बारे में जानकर आप भी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रख सकते हैं। फेशियल मसाज के कई फायदे हैं।

### ब्लड सर्कुलेशन मे सुधार

आपके शरीर की कोशिकाओं में ऑक्सीजन युक्त ब्लड की सप्लाई बढ़ने से उनकी मरम्मत और डैमेज से उबरने में मदद मिलती है। इसलिए, जब आप अपने चेहरे की मसाज करते हैं, तो जिन टिश्यूज में मुंहासे और दाग होते हैं, वे तेजी से ठीक हो सकते हैं। मसाज, स्किन संबंधी समस्याओं को ठीक करने के अलावा रोकथाम में भी मदद करती है। यह मुहांसों, झुर्रियों और महीन रेखाओं को दूर रखता है। यह आपके चेहरे को प्राकृतिक चमक देता है।

### साइनस में मिलता है लाभ

जब तक आप साइनसाइटिस के गंभीर मामले से पीड़ित नहीं हैं, तब तक मसाज आपके चेहरे में जमा पदार्थ लिक्विड फार्म में होने के कारण होने वाले जमाव का एक प्रभावी इलाज है। यह बलगम की निकासी को बढ़ावा देकर सिरदर्द और अन्य प्रकार की परेशानी को दूर करने में मदद करता है।

यदि आपको लगता है, कि गुआ शा जैसे टूल बहुत हार्ड और अब्रेजिव हैं, तो प्रभावित हिस्सों पर अपनी उंगलियों की ट्रिक्स का उपयोग करें। छाती और गर्दन को न भूलें, क्योंकि यहीं पर बहुत अधिक बलगम जमा हो जाता है।



### खुल जाएंगे बंद छिद्र

मसाज न केवल आपके चेहरे की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाती है, बल्कि आपके छिद्रों को बंद करने वाली धूल, गंदगी और मृत त्वचा को भी हटाती है। एक बार जब वे पूरी तरह से खुल जाते हैं, तो टोनर और मॉइस्चराइजर जैसे प्रोडक्ट्स कहीं ज्यादा आसानी से स्किन में उनका अवशोषण हो जाता है।